

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता


हिन्दी मासिक जोधपुर

# माली सैनी सन्देश

वर्ष : 19 अंक : 213 30 अप्रैल, 2023 मूल्य : 30/-प्रति

















# महात्मा ज्योति बा फुले जयंती पर
# जयपुर में आयोजित समारोह की झलकियां



























## माली सैनी संदेश पत्रिका के सम्मानीय संरक्षक सदस्यगण


जस्टिस श्रीमान देवेन्द्र कच्छवाह (पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाईकोर्ट)



एडवोकेट श्रीमान पुरूषोत्तम सोलंकी (समाजसेवी, बाड़मेर)


श्रीमान नरेन्द्रसिंह गहलोत (पर्यावरणविद्, समाजसेवी, जोधपुर)


श्रीमान रघुभाई देवड़ा (भामाशाह - समाजसेवी, सिरोही)


श्रीमान इंजि. जुगल किशोर भाटी (भेल इण्डिया, भोपाल)


श्रीमान नरपत सिंह सांखला (बिल्डर्स/समाजसेवी)


श्रीमान संतोक सिंह गहलोत (व्यवसायी/समाजसेवी)


श्रीमान तारासिंह सांखला (व्यवसायी/समाजसेवी)

## संपादक की कलम से...

### जीवन में कष्ट न हो तो जीवन संवरेगा कैसे . . .




**मनीष गहलोत**
संपादक

सुख- दुख मानव जीवन के साथ अविच्छिन्न रूप से जुड़े हुए है। सुख सभी को अच्छा लगता है और दु:ख के क्षणों में सर्वाधिक होता है क्योंकि दु:ख की अवस्था में मनुष्य भगवान के जितना करीब होता है सुख में वैसा नहीं। कहावत भी सच है :- **''दु:ख में सुमिरन सब करे, सुख में करे न कोय, जो सुख में सुमिरन करें तो दु:ख काहे को होय।''**

दु:ख मानव के व्यक्तित्व को परिष्कृत करने की संभावना को जन्म देता है दु:ख बना ही इसीलिए है कि वह सोये हुए को जगाएँ। सुख व्यक्ति को प्रसन्नता देता है, पर दु:ख उसे अशांत कर देता है। परंतु वास्तविकता यह है कि पीड़ा के क्षण मानव जीवन में कीमती अनुभव होता है जिसे वह सुखी अवस्था में प्राप्त नहीं करता। दु:ख में जहां मनुष्य अपना खोता है वहीं वो जीवन के प्रति जागृत भी होता है, संभल-संभल कर कदम बढ़ाता है।

दु:ख पीड़ा के क्षण में भी सुख के क्षणों की भांति कीमती होते है। दु:ख कष्ट के क्षणों की तुलना उस समय से की जा सकती है जैसे लोहे को पिघालने हेतु आग की भट्टी में तपाया जाता है जिससे उसकी अशुद्धियाँ हट कर शुद्ध लोहा बन जाता है। फिर उसे मन चाहे आकार में ढाला जा सकता है। ऐसी ही क्रिया अशुद्ध सोने से अशुद्धियाँ हटाने की प्रक्रिया से शुद्ध सोना उपलब्ध होता है। कपड़ों को मैल से मुक्त करने हेतु साबून का प्रयोग किया जाता है। दु:ख कष्ट भी मानव चित्त की शुद्धि का वैसा ही माध्यम है।

प्रारब्धानुसार अनेकानेक जन्मों में किये गये असंख्य शुभ अशुभ कर्म मनुष्य जीवन में सुख-दु:खों का निर्धारण करते है। जो कर्म उसी जीवन में भोग लिये जाते है वे क्रियामाण कहलाते हैं। परंतु संचित कर्म प्रारब्ध के रूप में उसके साथ जन्म जन्मांतरों तक चलते हैं। उनके दु:ख भगवान के अनुग्रह से सारे दुष्कर कर्म सह जात है, कट जाते है या उनकी प्रबलता कम हो जाती है।

महर्षि अरविंद का कथन है कि दु:ख एक तरह से भगवान के हाथ का हथौड़ा है। भगवान स्मरण से यदि हथौड़े की चोट लगती भी है तो वह प्रभु द्वारा भीतर ही सहायता प्राप्त अवश्य करता है। अत: हमें दु:ख कष्ट के क्षणों में भगवान पर विश्वास करते हुए उसे जैसा गढ़ना है, जैसा बनाना है। हम बन जाते हैं, पत्नी संतानआदि भी तदनुसार प्राप्त होते हैं। अत: कभी भी दु:ख, कष्ट से घबराना नहीं चाहिए। ऐसे क्षणों में प्रभु का आंचल पकड़ लेना चाहिए ताकि भटकें नहीं, बिखरे नहीं। गिरने पर भी संभल कर अपनी गति सुधार लें। मीरा व प्रहलाद का जीवन भी ऐसे ही अनेक कष्टों से भरा हुआ था परंतु उनमें भगवान की प्रबल आस्था व सच्ची लग्न, निष्ठा थी, भक्ति थी इसीलिए वे हंसते हुए कठिनतम क्षणों को पार कर गये।

भगवान का आंचल सदा थामें रहना चाहिए, चाहे जीवन में कैसी भी अच्छी बुरी परिस्थिति क्यों न आ जावें।

**जाति समाज से करें प्यार, सुनो भाई जीवणा दिन चार, जो नहीं करता समाज से प्यार, तो समझो उसका जीवन है बेकार।
समाज सेवा है बड़ी हितकारी, मिलकर कदम बढ़ाओ, नर हो या नारी हमारे समाज का सुखी हो हर परिवार
विनती करता है माली सैनी संदेश परिवार बारम्बार।**

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

### कृतज्ञ राष्ट्र ने महात्मा ज्योति बा फुले की 196वीं जयंती धूमधाम से मनाई

# समाज एकजूट हो दिखाएं ताकत राजनीतिक पार्टियां पीछे घूमेगी - गहलोत

**5100 महिलाओं की कलश यात्रा | विशाल शोभायात्रा | दीपदान | आतिशबाजी | सम्मान समारोह | प्रतिमा अनावरण**






**जयपुर।** देश के विभिन्न शहरों कस्बों में महात्मा ज्योति बा फुले जयंती धूमधाम से मनाई गई। राजस्थान में मुख्य समारोह महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान की ओर से विद्याधर नगर संस्थान प्रांगण में प्रदेश स्तरीय भव्य जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन कर किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान क्रिकेट बोड के अध्यक्ष वैभव गहलोत रहे।

सम्मान समारोह के दौरान प्रदेश की 200 विधानसभाओ से एक महिला एक पुरुष को महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले सम्मान दिया गया। हर वर्ष की भांति महात्मा ज्योतिबा फुले अवार्ड, सावित्रीबाई फुले अवार्ड, के.एल. सैनी अवार्ड, टी. सी. चंदेल अवार्ड समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को दिया जाता है।

मुख्य अतिथि आरसीए के अध्यक्ष वैभव गहलोत ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले महान समाज सुधारक थे उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में समाज में दलित, वंचित, असहाय, गरीबों एवं महिलाओं की शिक्षा के लिए काम किया था उसी प्रकार से प्रदेश की गहलोत सरकार भी आमजन के लिए राहत एवं अच्छी-अच्छी योजनाएं लेकर आई है जिसका सबको लाभ उठाना चाहिए।

महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान के प्रवक्ता एवं राजस्थान धरोहर प्राधिकरण राजस्थान सरकार के सदस्य भवानी शंकर माली ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का प्रदेश की ओर से आभार जताया कि उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले बोर्ड बनाया तथा जयंती 11 अप्रैल पर राजकीय अवकाश घोषित किया।

समारोह में प्रदेश भर से आए हजारों लोगों से आगामी चुनाव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी को पुन: मुख्यमंत्री बनाने का आव्हान किया। उपस्थित सभी लोगों ने ''चौथी बार गहलोत सरकार, कहो दिल से अशोक गहलोत से'' के नारों से समारोह स्थल को गुंजायमान कर दिया। संस्था के अध्यक्ष अनुभव चंदेल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और सम्मान समारोह में सम्मानित प्रदेश के सभी विधानसभा से पधारें समाज बंधुओं माताओं का सामाजिक कार्यक्रमों एवं समाजसेवा में दिए योगदान पर आभार प्रकट कियां

इससे पूर्व संध्या पर महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती का एक दिन पहले ही घोषित हुआ राजकीय अवकाश से शहर में आयोजित जयंती समारोह के विभिन्न कार्यक्रमों में लोगों का खासा उत्साह रहा। महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान के बैनर तले सांगानेर माली सैनी समाज धर्मशाला से 1000 से ज्यादा लोगों की वाहन रैली निकाली गई। 20 किमी लंबी इस रैली में कार्यकर्ता रथ के साथ ढोल नगाड़ों पर नाचते हुए वाहनों पर झंडे हाथों में लिए थे। सांगानेर शहर 35 सेक्टर, प्रताप नगर, टोंक रोड, मानसरोवर मध्यम मार्ग, होते हुए विभिन्न रास्तों से वाहन रैली मुहाना मंडी पहुंची। संस्थान के प्रवक्ता भवानी शंकर माली ने बताया कि रैली को संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अनुभव चंदेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उधर, विधायक अशोक लाहोटी ने मानसरोवर रीको धर्म कांटा चौराहे का नामकरण महात्मा ज्योतिबा फुले के नाम से करने की व महात्मा ज्योतिबा फुले की मूर्ति स्थापित व सौन्दर्यकरण करने के लिए 25 लाख रुपए विधायक कोष से देने की घोषणा की। इस अवसर पर जयपुर फल व सब्जी थोक विक्रेता संघ अध्यक्ष राहुल तंवर भी मौजूद रहे।

### अजमेर में रैली, रक्तदान, दीपदान सहित अनेकों आयोजन

**अजमेर।** अजमेर में महात्मा ज्योतिबा फुले की 196 वी जयंती को तीन दिवसीय महोत्सव कार्यक्रम ऐतिहासिक रहा व हर्षोल्लास से बनाया । महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के उपलक्ष में तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत पहले दिन माली (सैनी) संस्थान, अजमेर के तत्वाधान में सप्तम ब्लड डोनेशन कैंप 9 अप्रैल रविवार को आनंद पैलेस गुलाब बाड़ी अजमेर में आयोजित किया गया। जिसमे 131 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ ।

मुख्य अतिथि त्रिलोक चंद इंदौरा के नेतृत्व में माली सैनी संस्थान के अध्यक्ष राजेश भाटी, सचिव मुकेश अजमेरा, अशोक तंवर, प्रदीप कच्छावा अरुण तुनवाल ,महेश तवर, योगेन्द्र सैनी,राजेश गढ़वाल,राजेश ढलवाल, रमेश चंद्र उबाना, मोहनलाल उबाना, मनीष टांक,विपिन सोलंकी, कन्हैयालाल सांखला, गिरीश टाक,के सी माली,सहित सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति में महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सर्वप्रथम ब्लड -डोनेट करने में संस्थान के किशोर भाटी, सुनिल गहलोत , रवि ऊबाना द्वारा रक्त दान कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई । शिविर में जगदीश दगदी ने 53 वार ब्लड -डोनेट किया और निकी तुनवाल वालों ने 38 बार ब्लड डोनेट कर भागीदारी निभाई । महिलाओं में सुधा सैनी कविता टांक कामया सांखला ,प्रेरणा बागडी धनवंती इत्यादि ने रक्तदान किया । रक्तदान शिविर में पति पत्नी और भाई बहन ने मिलकर रक्तदान किया जिसमें पति- पत्नी में श्रीमती बबीता चौहान - प्रदीप चौहान , सुधा सैनी- दिलीप गहलोत, संतोष कंवर-महेन्द्र सिंह ,सुमित्रा भाटी-मनोहर भाटी द्वारा संयुक्त रूप से (जोड़े से) रक्तदान किया। कौशल तोषनीवाल करीब 120 व्यक्तियों (महिला-पुरूष) की जांच कर, निदान हेतु परामर्श दिया गया ।सभी रक्त दानदाताओं को टी-शर्ट और महिलाओं को साड़ी और प्रमाण पत्र,गुलाब कि स्टिक देकर सम्मानित किया गया। रक्तदानदाताओ अतिथियों के लिए अल्पाहार व भोजन प्रसादी की व्यवस्था रखी गई ।




दूसरे दिन 10 अप्रैल सोमवार को फल- वितरण कार्यक्रम एवं मूर्ति- स्थापना व शोभा-यात्रा की रही धूम। मां सावित्री बाई फुले मातृशक्ति कल्याण संस्थान की अध्यक्ष सीमा चौहान व चंद्रकांता भाटी के नेतृत्व में दूसरे दिन शाम को 5.00 बजे जवाहरलाल नेहरू अस्पताल, अजमेर में अपनी टीम को साथ जाकर मरीजों को फल- वितरण जिसमें केला-सेब-चिकू इत्यादि वितरण किए गए उसके बाद लोहागढ़ स्थित वृद्धाआश्रम में जाकर उनको रोजमर्रा की वस्तुएं जैसे तेल, कंघा, साबुन, नैपकिन तोलियां, डिटर्जेंट पाउडर के पाउच, गुड- नाइट इत्यादि वितरण किया गया। शाम को जयंती के पूर्व संध्या पर महात्मा ज्योतिबा फूले सर्किल पर 500 दीपक से दीपदान किया गया । इस कार्यक्रम में मधु चौहान, नीतू सोलंकी, चंचल गढ़वाल, मीनू तवर, सरोज कच्छावा, किरण तुनवाल, श्वेता देवड़ा, नेहा चौहान, यामिनी अजमेरा, दीक्षा, संतोष ,रेखा, पायल, हनी, ज्योति इत्यादि शामिल शामिल थे।

इसी प्रकार गड्डी मालियन, अजमेर मे महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले की मूर्ति-स्थापना का कार्यक्रम नेमीचंद बबेरवाल वह प्रदीप कच्छावा के नेतृत्व में हुआ जिसकी स्थापना ज्योतिबा फुले गार्डन गड़ी मालियान में की गई । मूर्ति स्थापना के लिए बैंड -बाजों व ढोल ताशो से धमाकों के साथ गड्डी -मालियन के आसपास के क्षेत्रों में शोभायात्रा निकाली गई ।लोगों ने जगह-जगह फूल बरसाए । शाम को ज्योतिबा गार्डन में फुले- दंपति की मूर्ति स्थापित की गई । इस अवसर पर घीसू गढ़वाल, चेतन सैनी, ओम ढलवाल, मूलचंद भाटी, रवि गढ़वाल, श्यामलाल तंवर, पूनमचंद चौहान, बाबूलाल सांखला इत्यादि उपस्थित थे। राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय अशोक जी गहलोत द्वारा 11 अप्रैल महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती का सार्वजनिक अवकाश की घोषणा करने पर अजमेर माली समाज बंधुओं में र्ष की लहर दौड़ गई और बहुत ही उत्साह के साथ जयंती मनाने का निर्णय लिया और मुख्यमंत्री को बधाई संदेश प्रेषित किया ।

11 अप्रैल महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के दिन सर्किल को शानदार तरीके से सजाया गया और राजनीतिक पार्टियों के नेताओं समाजसेवी, भामाशाह, पार्षदों इत्यादि माल्यार्पण करने अपने परिवारों के साथ पहुंचने लगे। पूरे अजमेर शहर को होल्डिंग ,पोस्टर, बैनरओं से हर गली ,चौराहे, मोहल्ले में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती की बधाई संदेश से सजा दिया गया । शाम को 3.00 बजे विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया जिसमें घोड़े, बग्गी, झाँकियों और वाहनों को सजाया गया । भव्य एवं विशाल वाहन रैली राधा- रानी गार्डन, गुलाब बाड़ी, अजमेर से निकलकर 9 नंबर पैट्रोल पंप, नगरा, मार्टिडल ब्रिज, जीसीए, कैसरगंज, पड़ाव, मदार गेट, चूड़ी बाजार, नया बाजार, आगरा गेट, सूचना केंद्र अंबेडकर सर्किल होती हुई ज्योतिबा फुले सर्किल पर समापन हुई । बाजारों में 58 जगह-जगह तोरण-द्वार, स्वागत- द्वार लगे हुए थे । नाश्ता ,आइसक्रीम, शरबत, कोल्ड ड्रिंक, फूल- पत्तियों से सभी व्यापारियों संघों ने रैली का स्वागत किया । अजमेर शहर की वाहन रैली की पूरी सड़कें फूलों की पंखुड़ियों से भर गई । शाम 7.00 बजे भव्य विशाल वाहन रैली पहुंचने के बाद बैंड- नगाड़ा की धुन पर महाआरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया । महात्मा ज्योतिबा सर्किल पर जमकर रंग- बिरंगी आतिशबाजी हुई और सम्मान समारोह, विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया । समाज बंधुओं ने तीनो दिन अपने परिवार के साथ घरों से निकल कर जयंती मनाई । महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल को पूरा जाम कर दिया । यातायात पुलिस व्यवस्था को यातायात को दूसरी तरफ डायवर्ट करना पड़ा ।

तीन दिवसीय महोत्सव जयंती समारोह में पूर्व मेयर धर्मेंद्र गहलोत, तिलोकचंद इंदौरा, पूनमचंद मारोठिया, महेश चौहान, शारदा मालाकार, सुनीता चौहान, नवीन कच्छावा, चंद्रकांत सैनी, दिलावर चौहान, निक्की तुनवाल, हेमराज खारोलिया, गणेश टक्षक, बालमुकुंद टाक, महावीर सिंह चौहान हेमराज सिसोदिया, रजनीश चौहान,, गणेश चौहान, महेंद्र पवार ,धर्मेंद्र टाक, जितेंद्र मारोठिया, हनीश मारोठिया, सतीश सैनी, माखन मारोठिया सोहनलाल तुनवाल संदीप तंवर नेहा आलूदिया, पूनम तंवर रानू सांखला, संतोष गहलोत बीना इत्यादि उपस्थित थे।

इस प्रकार महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती को अजमेर माली समाज ने ऐतिहासिक रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाई जिससे राजनीतिक पार्टियाँ सी नजर में माली समाज की एकता और अखंडता देखकर विचलित होने लगी है । और अंत मे अजमेर माली समाज ने एक सुर में फुले- दंपत्ति को भारत-रत्न से सम्मानित करने के लिए पुरजोर मांग उठाई ।

**पुष्कर में आयोजनः**

महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल विकास समिति की ओर से तिलोरा रोड स्थित सर्किल पर महात्मा ज्योतिबा फुले की 196वीं जयंती पर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस मौके पर माली समाज समेत जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्धजनों ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष ताराचंद गहलोत ने महात्मा फुले की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नवनिर्मित सर्किल पर महात्मा फुले व माता सावित्री बाई फुले की अष्टधातु की प्रतिमा का जल्द ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अनावरण करेंगे। अजय सैनी ने फुले की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने तथा महात्मा ज्योतिबा फुले बोर्ड गठन किए जाने पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार व्यक्त किया है। जिला भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष अशोक सिंह रावत व भाजपा के जिला मंत्री राजेंद्र महावर ने भी अपने विचार प्रकट किए। इस मौके पर सूरज दग्दी, पुखराज दग्दी सीताराम सतरावला, धीरज जादम, पुष्कर नारायण भाटी, शिव स्वरूप महर्षि, लक्ष्मी देवी पाराशर मौजूद रहे।

## किशनगढ़ में शोभायात्रा व सम्मान समारोह के साथ फुले जयंती मनाई

मदनगंज, किशनगढ़। फूल मालियान शिक्षण संस्थान किशनगढ़ के तत्वावधान में सकल माली समाज ने महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा कोर कमेटी के अध्यक्ष जस्साराम सांखला ने बताया कि जयंती पर किशनगढ़ क्षेत्र के माली समाज के लोगों ने महात्मा फुले को याद किया और शोभा यात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा का आरम्भ रोड स्थित लक्ष्मीनारायण से हुआ। सांसद भागीरथ चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नाथूराम सिनोदिया, विधायक सुरेश टाक, भाजपा नेता विकास चौधरी, शोभा यात्रा कोर कमेटी अध्यक्ष जस्साराम सांखला, संस्था अध्यक्ष जयराम मालाकार, एवं शोभायात्रा संयोजक बिरदीचन्द मालाकार ने झंडी दिखाकर शोभा यात्रा को रवाना किया।

यह शोभा यात्रा मुख्य मार्गो से होते हुए पुराना बस स्टैंड, टांक पेट्रोल पंप, मुख्य चौराहा, पुरानी मिल चौराहा, सुमेर सिटी सेंटर होते हुए रविंद्र रंगमंच, शिवाजी नगर माली मोहल्ला, दरगाह धर्मशाला, अन्तर्मना सर्किल, होते हुए अम्बेडकर सर्किल, बिहारी पोल से नयाशहर स्थित छोटी हाथी खान पहुंची। यहां माली समाज किशनगढ़ की ओर से स्वागत किया गया। सामूहिक स्वागत कार्यक्रम में माली समाज के राजकीय कर्मचारियों व अधिकारियों का सम्मान किया गया। शिक्षण संस्थान किशनगढ की ओर से प्रकाशित स्मारिका सुप्रयास 3 का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम में पार्षद भैरूलाल मालाकार,



संयोजक बिरदीचन्द मालाकार, सहसंयोजक सीताराम मालाकार, मनोज मालाकार, नंदलाल सैनी, डॉ. संतोष सैनी, महिला अध्यक्ष डॉ. प्रतिमा सैनी समेत अन्य 5 सदस्य शामिल रहे।

## मुख्यमंत्री ने किया महात्मा फुले की अष्टधातु की मुर्ति का अनावरण

कुरुक्षेत्र। कुरूक्षेत्र में पहली महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर राज्य स्तरीय जयंती समारोह हुआ सरकार ने भी जयंती प्रदेश में सरकारी स्तर पर मनाने की घोषणा की। कुरुक्षेत्र के सैनी समाज भवन में सीएम मनोहरलाल बतौर मुखयातिथि शामिल हुए सीएम ने ज्योतिबा फुले चौक पर 20 लाख में अष्टधातु से बनी ज्योतिबा फुले की प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपना पूरा जीवन किसानों और गरीबों के उत्थान के लिए समर्पित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1883 में जब महात्मा ज्योतिबा फुले ने गांवों में महिला स्कूल खोलने का प्रयास किया तो लोगों ने विरोध किया। इस विरोध के चलते महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपना गांव छोड़कर दूसरे गांव में स्कूल खोला और महिलाओं को शिक्षित किया। इस मौके पर यूं तो सरकार ने जयंती कार्यक्रम सरकारी स्तर पर मनाने का ऐलान किया है। कार्यक्रम का आयोजन सैनी समाज की तरफ से किया गया। 25 लाख में प्रतिमा व चौक बना। पूरे आयोजन पर 40 लाख से अधिक खर्च आया। हालांकि, समाज को सरकार से सैनी समाज भवन व सभा के लिए भी अनुदान मिलेगा। मंच से सीएम ने अपनी ओर से 31 लाख तो सांसद नायब सैनी की तरफ से 21 लाख देने की घोषणा की। जब कहा गया कि सांसद कोटे से तो पहले ही मिल रहा है। सीएम ने हंसते हुए कहा कि यदि सांसद कोटे से नहीं मिलेगा तो वे सरकार की तरफ से उक्त पैसा दिलाएंगे।



गुरनाम सिंह सैनी ने बिना सार्वजनिक किए मुख्यमंत्री के समक्ष समाज की तरफ से कुछ मांग भी रखी। मुख्यमंत्री ने हालांकि सीधे तौर पर इन मांगों पर कोई घोषणा नहीं की। बताया जाता है कि समाज है की ओर से नगर निकायों व पंचायतों और विस में भी पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की। ज्योतिबा फुले की जयंती पर 11 अप्रैल को ज्योति दिवस मनाने और सरकारी छुट्टी घोषित करने, सावित्री फुले जयंती को शिक्षिका दिवस मनाने, क्लास वन व टू नौकरियों में भी 27 प्रतिशत आरक्षण देने, बाबैन में 7 एकड़ जगह पर महिला कॉलेज खोलने, सावित्रीबाई व ज्योतिबा फुले की जीवनी पाठ्यक्रम में शामिल करने जैसी मांगे की गई। सूत्रों के मुताबिक इन मांगों को लेकर पहले सीएम समाज के साथ चर्चा करेंगे।

**गुरुग्राम (हरियाणा)।** आज महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा समिति हरियाणा के तत्वाधान में गुरुग्राम शहर स्थित जैन मंदिर के प्रांगण में सामाजिक क्रांति के महानायक,शिक्षा के अग्रदूत,महान समाज सुधारक,राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले की 196 जयंती समारोह सत्येंद्र भगत सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस जयंती समारोह में बिहार से गणमान्य अतिथि के रूप में माली मालाकार कल्याण समिति बिहार प्रदेश संयोजक अधिवक्ता मुन्ना मालाकार, संस्थापक सदस्य अभिभावक आदरणीय प्रेम प्रकाश मालाकार एवं माली समाज के प्रखर युवा नेता अजय मालाकार शामिल हुए। तमाम गणमान्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को सत्येंद्र भगत सैनी जी के द्वारा माला एवं मोमेंटो देकर मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने सर्वप्रथम महात्मा ज्योतिबा फुले की तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं सभी लोगों ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए विस्तार पूर्वक चर्चा की।

बिहार प्रदेश संयोजक मुन्ना मालाकार ने कहा की शिक्षित बनो,संगठित हो और संघर्ष करो तभी अधिकार मिलेगा साथ ही साथ ज्योतिबा फुले के जीवन से हम सबों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। बिहार माली समाज के प्रखर युवा नेता अजय मालाकार ने अपने संबोधन में कहा कि ज्योतिबा फुले के बताए रास्ते पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगा। इसीलिए शिक्षित समाज,सशक्त समाज,जागरूक समाज एवं आत्मनिर्भर समाज बनाने का हम सभी को संकल्प लेना होगा व शिक्षा के बगैर समाज का विकास कभी संभव नहीं होगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पृथ्वी माली, सतीश कुमार भगत, ओमप्रकाश भक्ता, मदन भगत, सुरेश भगत, परमजीत कुमार, जामुन मालाकार, एसके सैनी, डीके आर्य, आलोक कुमार सैनी, प्रमोद सैनी, उषा देवी, ज्योति सैनी, आमोद भगत, जितेंद्र मालाकार, महेंद्र सैनी, पवन सैनी, गगनदीप सैनी सहित तमाम माली सैनी समाज के सैकड़ो लोग जयंती के अवसर पर शामिल हुए एवं ज्योतिबा फुले के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## कोटा में भव्य शोभायात्रा में उमड़ा सैलाब, लोकसभा स्पीकर सहित अनेकों प्रबुद्धजनों ने महात्मा फुले को किया नमन

कोटा। महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर माली सैनी समाज की ओर से शोभायात्रा निकाली गई। करीब तीन किमी मार्ग में शोभायात्रा का जगह- जगह पर स्वागत द्वार लगाए गए। मार्ग में पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। समाज के युवक-युवतियों के विवाह के लिए पहली बार सोशल मीडिया एप्लीकेशन लांच किया। नागाजी के बाग में आयोजित समारोह में टीम समन्वयक मनीष सैनी, राकेश, मेवालाल, डॉ. दुर्गाशंकर सैनी सहित ने एप्लीकेशन युवक-युवतियों और अभिभावकों से अपलोड करवाया। करीब 50 युवक-युवतियों ने पहले दिन ऑनलाइन सैनी मेट्रोमोनी एप्लीकेशन में जानकारियां भरी मनीष सैनी आदि ने बताया कि 72 घंटे में बायोडाटा फीड हो सकेंगे। वेरीफिकेशन के बाद बायोडाटा अपलोड हो सकेगा।

इससे पूर्व दोपहर 12 बजे रामपुरा पीपली से महात्मा ज्योतिबा फुले के जयकारों के साथ शोभायात्रा रवाना हुई। महिला पुरुष पीली ड्रेस में शामिल हुए। सबसे आगे महिला और पुरुष, कलशयात्रा के साथ महिलाओं की भजन मंडली, झांकियां और अखाड़ों के करतब विशेष रहे हैं। ज्योतिबा फुले के जीवंत रूप में दूसरी कक्षा में पढ़ने वाले नैवेध्य और नर्सरी में पढ़ने वाली चेहल बनी। माली सैनी समाज के संगठनों के अध्यक्ष,



पदाधिकारी एक मंच पर शामिल हुए और शोभायात्रा निकाली है। शोभायात्रा नागाजी के बाग पहुंची। समाज का महिला बैंड आकर्षण का केंद्र रहा। ठीकदरा का बैंड विशेष रहा। मार्ग में शोभायात्रा की ड्रोन पुष्पवर्षा हुई। मेवा बलांडिया ने बताया कि शोभायात्रा ड्रोन से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। आयोजन में ईश्वर लालसैनी, पुरुषोत्तम अजमेरा, नाथू लाल पहलवान, विपिन बरथूनिया, जगदीश पहलवान, भवानी शंकर, दीनदयाल सैनी, महावीर सुमन, हेमंत सुमन, महावीर गहलोत, बालकृष्ण सैनी, योगेन्द्र बाथरा, कौशल बागड़ी, सुनील गहलोत आदि मौजूद रहे।

### इन्होंने किया स्वागत

शोभायात्रा का लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राजेंद्र सांखला, विधायक संदीप शर्मा, समाजवसेवी अमित धारीवाल, पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रामबाबू सोनी, कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष रविंद्र त्यागी, शिवकांत नंदवाना सहित पार्षद आदि ने स्वागत किया। इस दौरान प्रकाश कछावा, पवन कछावा, प्रशांत सक्सेना, पूर्व पार्षद इंद्र कुमार जैन, चंद्र प्रकाश सोनी, पं. अनिल औदिच्य, मनीष कांत कछावा, दीपक सैन आदि मौजूद रहे।

### वाहन रैली निकाली

नदी पार कुन्हाड़ी कमलेश्वर महादेव मंदिर से वाहन रैली निकाली युवा मोर्चा प्रदेश महासचिव हेमंत सुमन ने बताया कि पार्षद राकेश सुमन पुटरा, युवा मोर्चा प्रदेश महासचिव हेमंत सुमन, संयोजक महावीर सुमन मार्बल, मोहन सैनी, माया सुमन, दीपक सुमन, जगदीश सुमन उपस्थित रहे। विचार गोष्ठी संपन हाड़ौती आदिम जनजाति विकास समिति बोरखेड़ा में विचार गोष्ठी की समिति के संचालक यज्ञदत्त हाड़ा ने बताया कि गोष्ठी में दिनेश शर्मा, संजय मेहरा, अनिल यादव आदि मौजूद रहे।

## दौसा में 5100 महिलाओं की भव्य कलश यात्रा के साथ गुंजायमान हुआ फुले फुले

दौसा। दौसा. महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर जिलेभर में कलश व शोभायात्राएं निकाली गई। साथ ही सभाओं का आयोजन कर भामाशाहों का सम्मान किया गया। जिला मुख्यालय पर महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान दौसा के तत्वावधान में सैनी समाज छात्रावास में कार्यक्रम हुआ। संस्था के सचिव सुरेश भालका ने बताया कि मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश, कृषि विपणन राज्यमंत्री मुरारीलाल मीना व जिला प्रमुख हीरालाल सैनी रहे। अध्यक्षता जगदीश प्रसाद सैनी अध्यक्ष महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान ने की।

विशिष्ट अतिथि सदस्य समाज कल्याण बोर्ड श्रीमती भावना सैनी, ओबीसी भाजपा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष भाजपा पूरणमल सैनी, ओम प्रकाश सैनी सरपंच गणेशपुरा, सुनीता सैनी पार्षद, ममता सैनी पार्षद आदि रहे। संस्थान के कोषाध्यक्ष छोटूराम सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कविकृष्ण कुमार सैनी ने अपनी प्रथम पुस्तक की प्रति अतिथियों को भेंट की। इससे पूर्व खादी भंडार रोड स्थित ओमकारेश्वर महादेव मंदिर से 5100 कलशों के साथ यात्रा निकाली। कार्यक्रम में छोटूराम सैनी, मूलचंद शंकरलाल सैनी, गोविंदनारायण सैनी, राजेश सैनी, ईश्वरलाल सैनी, गिरधारीलाल सैनी, रंगलाल सैनी सहित कई लोग थे।



## ब्यावर में 2100 महिलाओं की कलश यात्रा के साथ फुले की जयंति बनाई

ब्यावर। क्षत्रिय फूल माली सैनी समाज की ओर से मंगलवार को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शहर के मुख्य मार्गो से निकली यात्रा में 2100 महिलाएं मंगल लिए चल रही थीं 51 घोड़ियों पर सवार समाज की बालिकाएं और बालक, पांच ऊंट गाडी, 11 बग्घियों में समाज के मुख्य लोग सवार थे।

शोभायात्रा में सोजत की घूमर गेर, शिव पार्वती की झांकी, खाटू श्याम, सावित्रीबाई फुले, बीरबल का घूमर नृत्य भी आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा के स्वागत के लिए जगह-जगह 60 स्वागत द्वार बनाए गए। शोभायात्रा का अनेक राजनैतिक और सामाजिक संगठनों की ओर से मार्ग में कई जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा की शुरुआत सुभाष उद्यान और गिब्सन हॉस्टल से हुई। इसका संगम भारत माता सर्किल पर हुआ। शोभायात्रा महादेव छत्री, फतहेपुरिया चौपड़, अजमेरी गेट, अग्रसेन सर्किल, रोडवेज बस स्टैंड होते हुए अजमेर रोड स्थित फुले सर्कल पहुंची। ज्योतिबा फुले की प्रतिमा को माला पहना कर पुष्प अर्पित कर याद किया।

### जगह-जगह हुआ स्वागत

शोभायात्रा का शहर में जगह- जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। बस स्टैंड के सामने विधायक शंकरसिंह रावत, सभापति नरेश कनौजिया, पार्षद सुनिता भाटी, हंसराज शर्मा, मंगतसिंह मोनू, अजमेरी गेट पर भाजपा देहात जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा सहित अन्य ने पुष्प वर्षा की। इसी प्रकार झ थाना पुलिस के सामने इन बागावास, सिद्धार्थ जैन सहित अन्य ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शहर के मुख्य बाजार में अलग-अलग संगठनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इसी प्रकार अग्रसेन बाजार में रमेश बंसल, सुनील जैथल्या सहित अन्य ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इसी प्रकार भागवत कथा परिवार के संजय घीया ने भारत माता सर्किल सहित अन्य ने स्वागत किया।

### इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम को सफल बनाने में मालियान पंचायत बड़ाबास अध्यक्ष कैलाश गहलोत, मालियान पंचायत शाहपुरा मोहल्ला अध्यक्ष हनुमान सिंगोदिया, मालियान पंचायत छावनी अध्यक्ष रणजीत सांखला, मालियान पंचायत फूलपुरा अध्यक्ष रूपचंद पालड़िया, माली सेना संस्थापक दिनेश भाटी, माली सेना जिलाध्यक्ष किशन देवड़ा, माली सेना शहर



अध्यक्ष करनसिंह गहलोत आदि का सहयोग रहा। कलश और शोभायात्रा के बाद सामूहिक भोज भी रखा गया। शोभायात्रा के दौरान जगह- जगह पुलिस जाब्ता तैनात रहा। शहर थानाधिकारी सुरेन्द्रसिंह जोधा भी शोभायात्रा के आगे- आगे व्यवस्थाएं देखते हुए चल रहे थे।

### भोपाल में फुले दंपति की लगाई जाएगी आदम कद प्रतिमा

भोपाल। अखिल भारतीय ओबीसी महासभा, मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग अधिकारी एवं कर्मचारी संघ, माली मरार सैनी समाज, अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा मध्य प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में 11 अप्रैल 2023 को 7 नंबर बस स्टॉप भोपाल में महात्मा ज्योतिबा फुले की मूर्ति में माल्यार्पण कर धूमधाम से महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई। जयंती समारोह में श्रीमती कृष्णा गौर विधायक गोविंदपुरा, पी सी शर्मा पूर्व मंत्री एवं विधायक दक्षिण पश्चिम भोपाल, जी पी माली पूर्व अपर कलेक्टर एवं अध्यक्ष माली मरार सैनी समाज, राम विश्वास कुशवाहा संरक्षक सलाहकार अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा एवं मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग अधिकारी एवं कर्मचारी संघ, ललित कुमार राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ओबीसी महासभा, एडवोकेट तुलसीराम पटेल राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ओबीसी महासभा, के पी कुर्मवंशी प्रांत अध्यक्ष मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग अधिकारी एवं कर्मचारी संघ, जगदीश सैनी राष्ट्रीय अध्यक्ष माली सैनी समाज इत्यादि ने अपने अपने विचार रखते हुए 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर शासकीय अवकाश घोषित करने, फुले दंपत्ति को भारत रत्न से सम्मानित करने, महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले के व्यक्तित्व कृतित्व उनका जीवन दर्शन को पाठ्यक्रम में शामिल करने, तथा एसटी एससी की भांति ओबीसी के छात्रों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं की पाठ्यपुस्तक नि: शुल्क प्रदान करने की योजना में शामिल करने की मांग रखी गई।

जयंती में ओबीसी के विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी सर्व श्री राम चरण माने, गजानन भाटी, सुरेंद्र सांखला, राजेंद्र कुमार सैनी ,पार्षद गीते माली, संतोष राय, दिनेश पटेल, सत्यनारायण सिंह, नागेंद्र पटेल, पूरन लाल साहू ,श्रीमती मीना मावर, दिनेश




सैनी सहित बड़ी संख्या में ओबीसी समाज के बंधु उपस्थित रहे। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व महापौर विधायक श्रीमती कृष्णा गौर ने सात नंबर बस स्टॉप चौराहे पर महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले की अष्टधातु की आदमकद प्रतिमा लगवाए जाने हेतु विधायक निधि से पांच लाख अनुदान देने की घोषणा की। उन्होंने ओबीसी समाज की लंबित मांगें -11 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने, तथा फुले दंपत्ति को भारत रत्न से सम्मानित करने का समर्थन करते हुए सरकार से बात करने का आश्वासन दिया। विधायक पीसी शर्मा ने मांगों का समर्थन करते हुए पिछड़े वर्ग के हितों की कल्याणकारी योजनाएं चलाने में सहयोग करने की बात कही। फुले जयंती के अवसर पर ओबीसी के विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा समाज में बाल विवाह पर पूर्णता प्रतिबंधित करने, दहेज विहीन वैवाहिक आयोजन करने, मृत्यु भोज व्यवस्था को समाप्त करने, नशा मुक्त समाज का निर्माण करने, वैवाहिक कार्यक्रम में कन्यादान व्यवस्था को समाप्त करने, बालिका शिक्षा हेतु सामाजिक स्तर पर आर्थिक कोष की स्थापना करने का संकल्प लिया।

**देवास।** श्री गुजराती रामी माली समाज देवास, बड़ा बाजार पंच के तत्वाधान में महात्मा फुले की 196 वी जयंती पर शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय हेतु भूमि दान दाता बद्रीप्रसाद मोहरी सहित मंदिर निर्माण व धर्मशाला निर्माण में अनुदान देने वाले सभी भामाशाहों का अभिनंदन-सम्मान किया गया। इसके साथ ही शिक्षा में पांचवी आठवीं दसवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया कार्यक्रम के पश्चात सहभोज भी रखा गया।

पत्रकार सुरेश सुमन प्रदेश मीडिया प्रभारी ऑल इंडिया माली सैनी सैनी सभा मध्य प्रदेश ने बताया कि 11 अप्रैल 2023 को युगपुरुष महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पूरे प्रदेश में ऑल इंडिया माली सैनी सभा एवं माली समाज के समस्त संगठनों सभी शाखा ने हर्षोल्लास के साथ मनाई गई प्रमुख फुलमाली सोशल ग्रुप संगठन श्री गुजराती रामी माली समाज श्री मारवाड़ी माली महासभा मेवाडा माली समाज संयुक्त तत्वावधान में माली सैनी मरार पटेल समाज एवं माली समाज की अन्य सभी शाखाओं ने पूरे प्रदेश में एकजुटता के साथ महत्वपूर्ण प्रयास किया और मध्य प्रदेश सरकार भारत सरकार से मांग की गई कि 11 अप्रैल को महात्मा फुले की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए फुले दंपति को भारत रत्न प्रदान किया जाए उनके कार्यो को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए जिससे कि बच्चों को उनके जीवन के बारे में जानकारी मिल सके। ऑल इंडिया माली सैनी सेवा समाज के सभी संगठनों को जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने पर सर्व समाज का आभार व्यक्त किया।

### महिला शक्ति सम्मेलन में 410 महिलाओं पुरूषों का हुआ बहुमान

सिरोही। सावित्रीबाई फुले संस्थान की ओर से केरलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में महंत श्रवण गिरी महाराज के सानिध्य एवं संस्थान की प्रदेश संगठन मंत्री उषा गहलोत की अध्यक्षता में महिला शक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में शिवगंज, सुमेरपुर समेत आबू रोड, सिरोही व आसपास के गांवों की महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सम्मेलन में संस्थान की ओर से धार्मिक, सामाजिक व राजनीति क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले 410 पुरुष महिलाओं का शॉल, दुपट्टा व पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया।

महंत श्रवण गिरी ने सम्मेलन का शुभारंभ केरलेश्वर महादेव मंदिर में आरती व पूजा अर्चना कर किया। सनातन धर्म सेवा समिति शिवगंज के संरक्षक महेंद्र दवे ने बच्चों को संस्कारित करने, कुरीतियों को मिटाने एवं संगठित रहने के साथ सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। दवे ने महिला शक्ति सम्मेलन की सफलता का श्रेय प्रदेश संगठन मंत्री उषा गहलोत को देते हुए कहा कि यह सब उनके व्यवहार का ही परिणाम है। जागनाथ महादेव मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री गंगाराम गोयल ने महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्रीबाई फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित महिलाओं को उनके आदर्श ग्रहण कर जीवन में उतारने का आग्रह किया। गोयल




ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर अवकाश घोषित किए जाने पर राज्य सरकार का आभार भी जताया। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अंशु विशिष्ट ने कहां कि महिलाओं में अपार शक्ति हैं और उसका उपयोग समय पर करना चाहिए। गोशाला के मंत्री बाबूलाल परिहार ने कहा कि बच्चों की प्रथम गुरु उनकी माता होती है, ऐसे में माता अपने बच्चों को अच्छे संस्कार ही दें ताकि वह संस्कारित हो।

**संगठित रहने का आव्हान**

सावित्रीबाई फुले संस्थान कि प्रदेश संगठन मंत्री उषा गहलोत ने संस्कार, शिक्षा व जागरूकता पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिए महिलाओं को संगठित रहने की जरूरत है। उन्होंने सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं का आभार जताया। सम्मेलन के प्रारंभ में आयोजक उषा गहलोत व उनके पुत्र राहुल गहलोत ने सामाजिक, धार्मिक व राजनीति संगठनों से जुड़े 410 पुरुष, महिलाओं का शॉल ओढ़ा व दुपट्टा और पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। सम्मेलन के द्वितीय सत्र में महिला गायक कलाकारों ने विभिन्न भजनों की प्रस्तुतियां दी, जिसमें कई महिलाओं ने जमकर नृत्य का लुत्फ उठाया। भजन गायक कलाकारों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। भजन गायिका दुर्गा माली, गीताबेन, सीता कुमावत, यशोदा माली, पुष्पा बेन, सुखी माली, भंवरी बाई, कन्या माली, जीवी बाई, मधु सोनी, देव कन्या चौधरी, कांता माली ने विभिन्न भजनों की प्रस्तुति दी। मंच का संचालन गौ भक्त महिपाल सिंह राणावत ने किया। अंत में प्रदेश संगठन मंत्री उषा गहलोत ने सभी जनों का आभार जताया। सम्मेलन में बाण माता मंदिर ट्रस्ट सुमेरपुर के संरक्षक रूपा राम परिहार, सनातन धर्म महिला सेवा समिति के अध्यक्ष उषा अग्रवाल महादेव महिला मंडल के अध्यक्ष उषा सोनी, संतोषी माता मंदिर महिला मंडल अध्यक्ष आनंदी कवर, केरलेश्वर महादेव मंदिर महिला मंडल अध्यक्ष देवकन्या चौधरी, महिला मोर्चा जिला महामंत्री बबीता अग्रवाल, महिला मोर्चा सुमेरपुर नगर अध्यक्ष गीता सोलंकी, जिला महामंत्री रेखा सेन, नगर पालिका पार्षद इंदिरा कुमावत, देवी माली, विमला राठौड़, उमा परिहार, गुड़िया बहन, सुखी माली, जनता बेन, लिखमीदास सेवा संस्थान सुमेरपुर के अध्यक्ष भंवर लाल गोयल, हजारीमल माली, विक्रम कुमार, दमयंती दिवाकर कई वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

# मायलावास में पहली बार आयोजित सम्मान एवं भजन समारोह में उमड़ा समाज






मायलावास। लिखमीदासजी शिक्षण संस्थान द्वारा सम्मान समारोह 26.04.2023 को आयोजित किया गया। मायलावास की धन्य धरा पर शिक्षा की जागृति के लिए माली समाज के युवाओ द्वारा पहली बार ऐसा कार्यक्रम आयोजित किया गया जो सफल रहा। कार्यक्रम की सफलता के पिछे कार्यकर्ताओ एवं सदस्यों की मेहनत एवं समर्पण की भावना है। सभी समर्पित सदस्यो एवं युवा कार्यकर्ताओ को बहुत बहुत धन्यवाद एवं साधुवाद। साथ ही इस संस्था के कुछ साथी नीव का पत्थर बन कर काम कर रहे हैं उनका हदय की गहराई से आभार एवं अभिवादन।

सभी सदस्यों एव कार्यकताओं की अग्रिम योजनाएं एवं रणनीति के कारण जिस तरीके से भव्य कार्यकम बनाने की योजना थी उससे भी कई गुणा भव्य रहा। रात्रि जागरण मे समाज के भजन सम्राट प्रकाश माली, हर्ष माली, छगन माली, नरेश माली, खुशाल माली, जसु माली, जगदीश माली आदि ने बहुत सुन्दर भजनो की प्रस्तुति दी सभी का संस्थान की तरफ से बहुत बहुत आभार एवं बहुमान किया गया।

रात्री जागरण एवं सम्मान समारोह मे 1008 श्री चेतन गिरीजी महाराज सोजत 1008 श्री नरसिंह दासजी महाराज 1008 श्री राघव दास जी महाराज एवं पहाड़ेश्वर मठाधीश दत्त नारायण गिरी जी का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। संस्थान की और से विद्यार्थियों कर्मचारियों एवं अतिथियों का सम्मान किया गया। संस्थान के सभी पदाधिकारियों द्वारा पधारें अतिथियों, प्रबुद्धजनों के साथ ही समाज के सभी वर्गो का आभार प्रकट करते हुए आगे भी भव्य जन जाग्रति के कार्यक्रमों का आयोजन करने का वादा किया गया।



# अनेकों संस्थाओं द्वारा आयोजित ज्योति बा फुले जयंती की झलकियां




चुरू में आयोजित समारोह



पाली में आयोजित समारोह



सीकर में आयोजित समारोह



चौमूं में आयोजित समारोह



मेड़ता में आयोजित समारोह



बाड़मेर में आयोजित समारोह



उदयपुर में आयोजित समारोह

# कंप्यूटर साइंस में ग्रेजुएट, मशरूम किंग के नाम से पोप्यूलर जितेन्द्र सांखला पिता नहीं चाहते थे किसान बने आज 20 लाख से ज्यादा की कमाई

जोधपुर। हिमालय पर उगने वाले गुच्छी मशरूम प्रधानमंत्री मोदी को बेहद पसंद हैं। ये वही मशरूम हैं जिन्हें लेकर काफी सियासी चर्चाएं हुईं। इस चर्चा ने लोगों का ध्यान मशरूम की तरफ खींचा। आज हम आपको उस युवा किसान के बारे में बता रहे हैं जिसने कंप्यूटर साइंस पढ़ा, सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनकर नौकरी कर सकता था, लेकिन जड़ों से जुड़ने के लिए वह किसानी के नए सिरे खोजने निकल पड़ा और उसे मिला मशरूम। म्हारे देस की खेती में आज बात मशरूम किंग जितेंद्र सांखला की...

**उम्र - 27 साल**

**शिक्षा - कंप्यूटर साइंस में ग्रेजुएट**

**व्यवसाय - मशरूम खेती**

**सालाना उत्पादन - 5000 किलो**

जोधपुर जिले के चौखा गांव के युवा किसान हैं जितेंद्र सांखला। इलाके में लोग उन्हें मशरूम किसान के नाम से जानते हैं। 27 साल के जितेंद्र चाहते तो किसी अच्छी कंपनी में सश्वफ्टवेयर इंजीनियर बन सकते थे, लेकिन उन्होंने चुना खेती का रास्ता। मशरूम की खेती करते उन्हें महज 3 साल हुए हैं और उन्होंने मशरूम के उत्पादन को 5 टन (5 हजार किलो) तक पहुंचा दिया है। कंप्यूटर साइंस में ग्रेजुएट किसान जितेंद्र का मशरूम की खेती करना उनकी अपनी चॉइस थी।

जितेंद्र ने अपने फार्महाउस पर यह शेड बना रहा है। इसमें वे बैग्स में मशरूम उगाते हैं। सबसे बड़ी बात, मशरूम की अच्छी उपज के लिए तापमान को मेंटेन करना और अनुकूल वातावरण तैयार करना जरूरी है। तीन साल में जितेंद्र मशरूम की अच्छी खासी उपज लेने लगे हैं। जितेंद्र ने अपने फार्महाउस पर यह शेड बना रहा है। इसमें वे बैग्स में मशरूम उगाते हैं। सबसे बड़ी बात, मशरूम की अच्छी उपज के लिए तापमान को मेंटेन करना और अनुकूल वातावरण तैयार करना जरूरी है। तीन साल में जितेंद्र मशरूम की अच्छी खासी उपज लेने लगे हैं।

**पिता चाहते थे कि बेटा नौकरी करें**

जितेंद्र सांखला के पिता संतोष सिंह सांखला परंपरागत खेती किसानी करते रहे। मां लूणी देवी भी खेत में पिता का हाथ बंटाती थी। माता-पिता ने यह सोचकर अपने दो बेटों और दो बेटियों को खेती-किसानी पर निर्भर होने से रोका, कि यह घाटे का सौदा है। जितेंद्र के बड़े भाई गुजरात में एसबीआई बैंक में मैनेजर हैं।

यह ऑयस्टर मशरूम की पिंक वैरायटी है। मार्केट की इसकी अच्छी डिमांड है। पिंक मशरूम के अलावा जितेंद्र अपने फार्म हाउस पर 8 तरह के मशरूम उगाते हैं। छोटे



राज्य कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जितेन्द्र सांखला को सम्मानित करते मुख्यमंत्री अशोक गहलोत। जितेन्द्र को यह अवार्ड नवाचारी खेती गतिविधि श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रदान किया गया था।

बेटे जितेंद्र के लिए भी पिता संतोष सिंह यही चाहते थे कि वह भी अच्छी पढ़ाई करे और नौकरी करें। साल 2010 में गांव चौखा से 10वीं करने के बाद जितेंद्र ने 12वीं जोधपुर के महेश स्कूल से कॉमर्स सब्जेक्ट में पास की। इसके बाद जोधपुर के लाचू स्थित कॉलेज से कंप्यूटर साइंस में ग्रेजुएशन किया। जितेंद्र ने साल 2016 में एमबीए करने की प्लानिंग की, लेकिन सफल नहीं हुए।

**पहला प्रोडक्शन सिर्फ 100 ग्राम मिला, मैं हताश नहीं हुआ**

जितेंद्र ने बताया कि जब कैट का रिजल्ट आया तो मैं निराश नहीं हुआ। रिजल्ट ने मेरा काम आसान कर दिया। अब तक मैं सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनने के सपने देख रहा था लेकिन मैंने वही करना तय किया, जिसका अभ्यास मुझे बचपन से था। मैंने खेती में करियर बनाने के लिए मन पक्का कर लिया। कैट का रिजल्ट आने के बाद 2019 में मैंने मशरूम की खेती के लिए जानकारी जुटाना शुरू कर दिया। शुरू में जैसी भी नॉलेज मिली, वैसे ही मैंने मशरूम प्रोडक्शन का काम शुरू किया। 2019 का अक्टूबर महीना था। हल्की ठंड पड़ने लगी थी। मशरूम की खेती के लिए यह आदर्श है। मैंने घर के एक हिस्से में 20 बैग में मशरूम उगाए।

जितेंद्र ने बताया कि मशरूम के बीज आसानी से नहीं मिलते। बीज दिल्ली या उदयपुर से लाने पड़ते थे। इसलिए फार्म हाउस में ही सेल्फ स्पॉन यूनिट भी तैयार की।










इस यूनिट में कई तरह के मशरूम के बीजे तैयार होते हैं। 20 बैग से पहली उपज मिली सिर्फ 100 ग्राम मशरूम। मैंने इसके बारे में किसी से ज्यादा जिक्र नहीं किया क्योंकि मैं सीखने के दौर में था। दूसरी बार भी प्रोडक्शन न के बराबर ही रहा। रिजल्ट देखकर घर वाले सलाह देने लगे थे कि मशरूम की खेती का सपना छोड़कर कहीं नौकरी कर लूं।

मैंने परिवार से एक मौका और मांगा। इसके बाद मैंने मशरूम की खेती को लेकर इंटरनेट खंगाला। घंटों जानकारी जुटाता रहता। मशरूम की खेती कर रहे कुछ किसानों से बात की। पता चला कि मशरूम के लिए सबसे जरूरी है अनुकूल वातावरण। मशरूम की बीज तैयार करने के लिए जितेंद्र ने यूनिट लगा ली है। यूनिट से तैयार बीज वे किसानों को देते हैं। इसके बाद मैंने फार्म हाउस पर एक रूम अलग से तैयार किया, जिसे मशरूम की खेती के लिए अनुकूल बनाया। इसमें मैंने 40 बैग मशरूम उगाए। कुछ दिन की मेहनत के बाद मशरूम रेडी हो गए। बाजार में भी अच्छा रेस्पॉन्स मिली और मेरा सफर शुरू हो गया।

दूसरी बार मैंने 100 बैग के साथ मशरूम उगाए। मशरूम की खेती का मुझे 3 साल का अनुभव है। यह अनुभव कम है, लेकिन अब सालाना 4 से 5 हजार किलो मशरूम की उपज ले रहा हूं। अब किसान मेरे फार्म हाउस पर मशरूम की खेती सीखने आते हैं।

यह बटन मशरूम है। इसकी आकृति कोट के बटन की तरह होती है इसलिए इसे बटन मशरूम कहते हैं। जितेंद्र के फार्म पर बटन मशरूम की मिल्की वैरायटी मिलती है।

ऑयस्टर मशरूम की लाइफ साइकिल 50 दिन होती है। बटन की 90 दिन इसके बाद बैग बदलकर नई कम्पोस्ट तैयार की जाती है। बटन मशरूम के एक बैग में 10 किलो कम्पोस्ट लगती है। इसमें दो से ढाई किलो तक प्रति बैग मशरूम लिए जा सकते हैं। ऑयस्टर मशरूम का बैग 3 से 4 किलो तक का होता है। इसके एक बैग से 700 से 800 ग्राम तक मशरूम मिल जाते हैं। जितेंद्र के पास 20 बीघा की खेती है। मशरूम ऐसी फसल है जिसे आमतौर पर बैग्स में लटकाकर उपजाया जाता है। ऐसे में इसे खेतों की जरूरत नहीं होती। जितेंद्र मशरूम के साथ-साथ खेतों में मौसम के अनुसार फसल और सब्जियों का उत्पादन भी करते हैं। खेत में गेहूं, फूल गोभी, मिर्च और सब्जियों की खेती कर रहे हैं। इसके अलावा लेसुआ के 40 पेड़ भी लगे हैं।

जितेंद्र ने बताया कि मशरूम उगाने से पहले कम्पोस्ट तैयार किया जाता है। कम्पोस्ट को तैयार करने में 25 दिन लगते हैं। इस कंपोस्ट को बैग में भरकर मशरूम के बीज डाल दिए जाते हैं। इसके बाद मशरूम तैयार हो जाते हैं। गर्मी के सीजन में मिल्की मशरूम उगाया जाता है। यह इसके लिए उपयुक्त समय होता है। मार्च से सितंबर तक मिल्की मशरूम की खेती की जाती है। वहीं, सर्दी के मौसम में अश्वयस्टर मशरूम उगाया जाता है। बाजार में एक किलो मशरूम की कीमत 300 से 400 रुपए प्रति किलो तक है। होलसेल मे यह 200 से 250 रुपए प्रति किलो तक बिक जाता है।

**किसानों को मशरूम के लिए कम्पोस्ट खाद तैयार कर दिखाते जितेंद्र सांखला :** जितेंद्र सांखला अब सरकारी एग्रीकल्चर संस्थानों में बतौर मास्टर ट्रेनर किसानों को मशरूम की खेती की ट्रेनिंग भी देते हैं। जितेंद्र ने बताया कि मशरूम की खेती के लिए हाईजीन मेंटेन करना होता है। यह मौसम आधारित खेती होती है। यह वर्टिकल खेती है, इसके लिए बड़े खेत की जरूरत नहीं है। इसे घर, किसी हॉल, बड़े कमरे या झोंपड़े में भी तैयार किया जा सकता है।

**मशरूम के फायदे :** कोरोना काल के बाद मशरूम की डिमांड बढ़ी है। कारण- यह इम्युनिटी बूस्टर भोजन में गिना जाता है। आंतों को अच्छा रखता है। डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर वाले लोगों के लिए यह अच्छा माना जाता है क्योंकि यह बीटा ग्लूकन का बेहतर स्रोत है। मशरूम विटामिन डी से भरपूर होता है और इम्यूनिटी बूस्ट करता है। मशरूम में पानी, प्रोटीन, फाइबर, तांबा, पोटेशियम, सेलेनियम, ग्लूटाथियोन और विटामिन सी होते हैं। विटामिन बी 3 की अच्छी मात्रा होने के कारण यह दिल के लिए अच्छा होता है।

युवा जितेन्द्र सांखला ने कृषि के क्षेत्र में नवाचार से जो सफलता प्राप्त की उसके



**रूम में मशरूम खेत में सब्जी**

- 20 बीघा के खेत में सब्जी व अनाज
- गेहूं, फूल गोभी, मिर्च की खेती कर रहे
- सीजन में उगाते हैं सब्जियां
- खेत में लेसुआ के 40 पेड़

## इस तरह से होती है लाखों की कमाई




- 250 से 300 रुपए प्रति किलो मशरूम को होलसेल भाव से बेचता है
- 5 हजार किलो तक बिक्री होती है ऐसे में कमाई 115 लाख रुपए
- इसके अलावा फूल गोभी, मिर्च, गूंदे और अन्य फसल व सब्जियों से 7 लाख रुपए तक की आय

**फार्म पर वैरायटी**



9 वैरायटी के मशरूम उगा रहे जितेंद्र, ऑयस्टर मशरूम की खास वैरायटी।

**ऑयस्टर में ग्रे, व्हाइट, ब्लू, पिंक, किंग, यैलो वैरायटी उगा रहे।**

20 दिन में तैयार होते हैं ये मशरूम, बटर मशरूम भी उगा रहे जितेंद्र।

**बटर की मिल्की वैरायटी उगा रहे, बटन मशरूम 50 दिन में तैयार होता है।**

**ऐसे तैयार होती है कम्पोस्ट**



**बटन मशरूम के लिए**

- गेंहू का चोकर, मुर्गी की खाद, जिप्सम, कपास या सरसों की खल मिलाकर तैयार होती है
- कम्पोस्ट 25 दिन में तैयार होती है
- 50 दिन लगते हैं पैदावार लेने में



**ऑयस्टर मशरूम के लिए**

- धान या गेंहू का भूसा, गोबर की खाद, नारियल का बुरादा मिलाकर तैयार होती है
- बैक्टिरिया, फंगस मारने के लिए गर्म पानी से उपचारित होती है
- बैक्टीरिया मुक्त करने में 18 घंटे लगते हैं

समाज के द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का हुआ कलश यात्रा के साथ शुभारंभ, आयोजन में उमड़ा समाज

# सामूहिक विवाह समारोह में समाज के 42 जोड़े बंधें विवाह के बंधन में




उनियारा। जिले के बनेठा में सैनी माली समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में 43 जोड़े वर- वधू को आशीर्वाद एव शुभकामनाएं देने उमड़ा समाज। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रभुलाल सैनी टोंक जिले के जिला प्रमुख श्रीमती सरोज नरेश बंसल के साथ में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने समाज को शिक्षा के प्रति जागृत करने की अपील की साथ ही एकजुटता के साथ ही राजनीतिक चेतना जागृत करने हेतु भी आग्रह किया तथा इस सफल आयोजन के लिये आयोजन समिति के सभी पदाधिकारियों ,सदस्यों को बहुत बहुत धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया।

**समाजसेवी सीताराम पोसवाल ने एक लाख 51 हजार की दी सहयोग राशि**

**खबरों की दुनिया**

सामूहिक विवाह सम्मेलन में भजन संध्या के दौरान समाजसेवी सीताराम पोसवाल द्वारा एक लाख इक्यावन हजार रुपए की राशि सहयोग स्वरूप प्रदान की गई। इस दौरान सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा समाजसेवी सीताराम पोसवाल को माल्यार्पण दुपट्टा एवं शिव विवाह की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया गया। इसके साथ से पोसवाल ने भजन संध्या कार्यक्रम के लिए आए हुए गायक कलाकार हेमराज सैनी को भी ग्यारह हजार रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की। इसके अलावा कई अन्य समाजसेवी भामाशाह आदि लोगों ने भी सहयोग प्रदान किया। सैनी समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन के दौरान बुधवार रात्रि को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भजन संध्या का जमकर आनंद लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान गायक कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम भजन संध्या का शुभारंभ गायक कलाकार हेमराज सैनी ने गणपति वंदना से किया उसके बाद लगातार भजन संध्या में एक के बाद एक भजन प्रस्तुत करने से ग्रामीणों को नाचने पर मजबूर कर दिया। इसके पश्चात गायक कलाकार प्रकाश चंद सैनी मेहंदवास ने भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। भजन संख्या में सर पूजा राजस्थानी एवं हंसा सहित कई डांसरों ने आकर्षक नृत्य की प्रस्तुतियां दी। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भजन संख्या में देर रात तक हजारों श्रद्धालुओं ने भजनों का आनन्द लिया। बनेट में वैदिक मंत्रोचार के साथ सैनी समाज द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित उपतहसील मुख्यालय पर सैनी समाज के तत्वावधान में दो दिवसीय द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें रामनवमी पर शुभ मुहूर्त में 42 जोड़ों ने वैदिक मंत्रोचार के साथ पाणिग्रहण संस्कार आयोजित किया गया और अपने नवविवाहित दांपत्य जीवन कौ शुरुआत की। इस दौरान हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। गौरतलब है कि सैनी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन के दौरान बुधवार को बैंड बाजों के साथ कलश यात्रा निकाली गई थी यहाँ रात्रि को चाक भात पहरावणी कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामूहिक विवाह सम्मेलन के दौरान गुरुवार प्रात: बैंड बाजों के साथ नगर परिक्रमा कार्यक्रम निकासी के साथ आयोजित किया गया जिसमें ठाकुर जी को गोद में लेकर झालर शंख नगाड़ा के साथ बोली लगाने वाले जगदीश माली ने हाथी पर बैठकर नगर परिक्रमा पूरी करवाई वही प्रधान कुण्ड पर यजमान शंकर लाल माली पुत्र कैंसरा माली ने विवाह सम्मेलन के दौरान 42 कन्याओं के कन्यादान लेने का पुण्य प्राप्त किया। नगर परिक्रमा बैंड बाजे कार्यक्रम के साथ सम्मेलन स्थल से प्रारंभ जो बालाजी का बाग बस स्टैंड राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुरेली चौराहे से गुजरती हुई मुख्य मार्गो से बस स्टैंड होकर वापस पंडाल स्थल पहुंची जहां पर पाण्डल आचार्य अनिल कुमार शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ दूल्हों के तोरण की रस्म पूरी की गई। इसके पश्चात पंडाल में फेरों का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नवविवाहित 42 जोड़ों ने सात फेरों के सातों वचन निभाने का वादा करते हुए पाणिग्रहण संस्कार संपन्न करवाए गए। इस दौरान सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा दूल्हा-दुल्हन को आवश्यक उपहार भी प्रदान किए गए। सम्मेलन स्थल पर रात्रि को रंगारंग सांस्कृतिक भजन संध्या कार्यक्रम हेमराज सैनी एंड पार्टी द्वारा आयोजित किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भजन संध्या में देर रात तक ठुमके लगाए। नव विवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद सैनी समाज द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन के दौरान पूर्व कृषि मंत्री डॉ. प्रभु लाल सैनी, समाजसेवी सौताराम पोसवाल, जिला प्रमुख प्रतिनिधि एवं भाजपा जयपुर शहर प्रभारी नरेश बंसल, विहिप जिलाध्यक्ष एवं पूर्व आरपीएस वृद्धिचंद गुर्जर, बनेठा सरपंच सुभद्रा मीणा पूर्व जिलाध्यक्ष माली समाज बद्री लाल भारतीय उनियारा शहर अध्यक्ष तेजपाल सैनी किशन सैनी खवासपुरा सरपंच हेमराज मीणा, बडोली सरपंच धनपाल सैनी, कनवाड़ा सरपंच दीनबंधु नागर पूर्व सरपंच पंचायत समिति सदस्य नरेंद्र सैनी बनेठा, जिला कांग्रेस कमेटी के शिवपाल खंडवा, समाज सेवी डश्च विक्रम सिंह गुर्जर, भाग चंद सैनी, प्रभुलाल सैनी पूर्व तहसील अध्यक्ष उनियारा, पांचू लाल सैनी, तेजपाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बनीता देवी, हरिनारायण सैनी, लोकेश सैनी, विष्णु सैनी अशोक कुमार सैनी रामस्वरूप सैनी, बनवारी लाल सैनी महात्मा ज्योतिबा फुले ब्रिगेड महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी सैनी, राष्ट्रीय फुले बिग्रेड के जिला अध्यक्ष अजय सैनी सांखला व सभी अतिथियों द्वारा नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया गया।

इससे पूर्व बनेठा उप तहसील मुख्यालय पर बुधवार को कलश यात्रा के साथ सैनी समाज द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। सैनी समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन के दौरान प्रात: सम्मेलन स्थल पर पांडाल में बोलियां लगाई गई। इसके पश्चात झालर, शंख, नगाड़ों के साथ ठाकुर जी को बग्गी में सवार कराया गया और घोड़ों पर ध्वज पताका लेकर बैठे अधिक बोली लगाने वाले श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ जुलूस रवाना हुआ। जो मुख्य मार्गो से गुजरता हुआ कोठी स्थित हनुमान जी महाराज के





मंदिर पर पहुंचा। जहां पर पंडित आचार्य अनिल कुमार शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ कलशो का पूजन करवाया गया और महिलाओं के सिर पर धारण कराया गया।

इस दौरान कलश यात्रा में आगे-आगे समाज के नवयुवक पटाखे चलाते हुए चल रहे थे वही पीछे पीछे मधुर धुन लहरियों पर समाज की युवतियां नाचती गाती हुई चल रही थी। इसके पश्चात कलश यात्रा बैंड बाजों के साथ कोठी स्थित हनुमान जी के मंदिर से रवाना हुई। जो कस्बे के मुख्य मार्गो से गुजरती हुई सामूहिक विवाह सम्मेलन स्थल पर पहुंची जहां पर वैदिक मंत्रोचार के साथ कलशो को रखा गया। कलश यात्रा के दौरान एक तरफ जहां नवयुवक मंडल के सदस्य हाथों में ध्वज पताका लेकर आगे आगे चल रहे थे । वही पीछे महिलाएं मधुर धुनों पर नाचती गाती हुई सिर पर मंगल कलश धारण करते हुए चल रही थी। सैनी समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन के दौरान बुधवार को चाक, भात, मंडप कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

**माली समाज के 13 जोड़े बंधे परिणय सूत्र बंधन में,हजारों लोग बने साक्षी**

चौमूं। शहर में माली समाज विकास समिति के तत्वावधान में रामनवमी के अबूझ सावे पर 16 वाँ सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें 13 जोड़े वैदिक मंत्रों के साथ परिणय सूत्र बंधन में बंधे। इससे पूर्व प्रात: 9 बजे थाना मोड़ स्थित आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में सिंयाला कार्यक्रम हुआ, जहां से 13 दूल्हे एक साथ घोड़ी पर बैठ कर रवाना हुए। बारात शाही लवाजमें और बैंड बाजे के साथ नाचते - गाते बस स्टैंड होते हुए सैनी समाज सभा भवन में पहुंची। रींगस रोड स्थित सैनी समाज सभा भवन विवाह स्थल पर तोरण और वरमाला का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके बाद विवाह स्थल पर गायत्री परिवार शाखा धवली के वरिष्ठ अभिभावक थानाराम जाट के सानिध्य में विद्वान पंडितों द्वारा पूर्ण विधि-विधान से फेरे पूर्ण करवाए गए। शाम को नव दम्पत्तियों को आशीर्वाद देकर भावभीनी विदाई दी। सभी लोगों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी रही। पुलिस प्रशासन की भी चाक चौबंद व्यवस्था रही।

**फूल व्यापार संघ ने की पुष्प वर्षा :**

13 दुल्हे जब घोड़ी पर एक साथ निकले तो शहरवासी देखते ही रह गए। चौमूं के बस स्टैंड स्थित फूल व्यापार संघ ने बारातियों पर पुष्प वर्षा की और बारातियों को मिल्क रोज पिलाया।

**वर वधु को दिए उपहार :**

नव दंपतियों को भामाशाहों द्वारा आलमारी, चांदी की पायजेब, एलईडी टीवी, ड्रेसिंग टेबल, चौकी, पलंग, कूलर,छत पंखा, सिलाई मशीन, ट्रॉली बैग, स्टील बर्तन, चांदी की चुटकी सहित कई उपहार प्रदान किए गए।

समिति अध्यक्ष घीसा लाल सैनी ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन वर्ष 2007 से हो रहा है द्य इससे दहेज प्रथा पर रोक लगती है और फिजूलखर्ची नहीं होती। बचे हुए पैसे से नव दंपति अपना कैरियर बना सकते हैं। इससे समाज आगे बढ़ा है और युवा ऐसे सम्मेलनों में शादी के लिए आगे आ रहे हैं।

**400 भामाशाहों का किया सम्मान :**

माली समाज विकास समिति द्वारा सामूहिक विवाह सम्मलेन में तन-मन -धन से सहयोग देने वाले करीब 400 भामाशाहों का माल्यार्पण कर, शॉल ओढ़ाकर, अंजनी हनुमान की फोटो भेंट कर सम्मान किया।

**सम्मलेन में ये अतिथि रहे मौजूद :**

नव दंपतियों को आशीर्वाद देने के लिए पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी, बाल कल्याण समिति चेयरमैन शीला सैनी, नगर पालिका शाहपुरा चेयरमैन बंशीधर सैनी, ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह सैनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरजमल ठेकेदार, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री जगदीश प्रसाद सैनी गुड्डू, माली समाज जयपुर अध्यक्ष रोशन सैनी, महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान प्रदेशाध्यक्ष अनुभव चंदेल, राजस्थान धरोहर संरक्षण प्राधिकरण बोर्ड के सदस्य भवानी शंकर माली, पूनमचंद कच्छावाह, कानाराम खोवाल, पूर्व सरपंच पप्पू लाल सैनी, श्रवण करोडिया, रामचंद्र तुन्दवाल, राधेश्याम तंवर, दिनेश कुमार तिगरिया, मोहनलाल चांदोलिया, हामंत्री मदन लाल बागड़ी, कोषाध्यक्ष प्रभाती लाल सैनी, गणेश नारायण बेनाडिया, शंकरलाल खेजरोली, ओम प्रकाश ,बाबूलाल भभेवा, कन्हैया लाल पापटवाण, किशनलाल आढतिया,गोविंद नारायण सैनी ,नानूराम सैनी, मदनलाल सतरावला, हीरालाल पांच्या,डॉक्टर जेपी सैनी, कैलाश चंद बेनाडिया, डॉक्टर मान प्रकाश सैनी, जगदीश पांच्या, जगदीश अधोप्या, प्रह्लाद सहाय अधोप्या, सूरजमल करवा, हनुमान सहाय सिंगोदिया, कल्याण सहाय सैनी, प्रभु राई, धीरेंद्र सैनी, छितरमल बबेरवाल, भवन निर्माण समिति अध्यक्ष सायर सिंह तंवर, महात्मा ज्योतिराव फुले विकास संस्थान अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया, पूर्व सरपंच भगवान सहाय गिरणा, अभिषेक सैनी, गैंदी लाल सैनी, कानाराम सैनी , कांग्रेस युवा नेता गुलाब चन्द सैनी, प्रेम डिजिटल से गोविन्द नारायण सैनी, रामनरेश सैनी, रतन कटारिया, गजानंद सैनी, कैलाश तंवर, नेमी चन्द सैनी, सुरेश कुमार तंवर, मनोज सैनी, श्याम लाल सैनी, बद्री सैनी, अर्जुन लाल सैनी, महेश सैनी , राजेंद्र सैनी, रामकिशोर सैनी,कैलाश चन्द इंदौरा,विनोद सैनी, रोशन सैनी, ष्ण सैनी, श्रवण सैनी सहित कई समाजबन्धु मौजूद रहे। एंकर अमित सैनी ने सभी समाजबंधुओं को अंत तक बांधे रखा।



# सोजत में समाज का सामूहिक विवाह समारोह 2 मई को, 54 जोड़े बंधन में बंधेंगे, जिममेदारी सौंपी

सोजत। माली समाज विकास समिति के तत्वावधान में आगामी 2 मई को होने वाले माली समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर रविवार को नीलकंठ महादेव संतोष आश्रम में माली समाज अध्यक्ष चुतराराम गहलोत के सानिध्य में बैठक की गई। बैठक में माली समाज के चौधरी पंच एवं समाज बंधु उपस्थित थे। माली समाज विकास समिति के अध्यक्ष गहलोत की अध्यक्षता में होने वाले सामूहिक विवाह के लिए कुल 76 आवेदन पत्र लिए गए थे। जिसमें से अंतिम तिथि तक 54 आवेदन जमा हुए अब 2 मई को 54 जोड़ें विवाह बंधन में बंधेगे।

सामूहिक विवाह को लेकर समितियों का गठन किया गया एवं अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि सामूहिक विवाह सिर्फ एक विवाह का आयोजन भर नहीं है, अपितु इसके प्रभाव और समाजहित में लाभ बड़े दूरगामी है। किसी कमजोर जरूरतमंद या असहाय परिवार की कन्या का विवाह कराने से बढ़कर कोई पुण्य नहीं है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह का बढ़ता प्रचलन समाज के भले के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इससे समय की बर्बादी, दान-दहेज और फिजूलखर्ची जैसी कुरीतियों से भी समाज को मुक्ति मिल सकती है। पढ़े-लिखे नौजवानों से अपील करते हुए कहा कि दहेज प्रथा के खिलाफ अभियान में योगदान दें। हमें इस पहल का अनुसरण करने की जरूरत है। तभी बेटियों को बराबरी का अधिकार मिल पाएगा। कार्यालय प्रभारी रमेश कुमार सांखला ने बताया कि नीलकंठ महादेव संतोष आश्रम में आयोजित होने कले सामूहिक विवाह में सोजत सहित पाली, रायपुर, चंडावल झूठा, पिपलिया कला, चावडिया जैतारण, खारिया मीठापुर, निम्बूल जैतारण, नाथों की प्याऊ, बगड़ी, गुड़ा भदावता बासना, कंटालिया आदि जगहों के वर वधु इसमें शामिल होंगे। सम्मेलन में पंडित पाचाराम जोशी मंत्रोच्चारण कर विवाह कराएंगे।

बैठक में माली समाज बढ़ावास के चौधरी मुनालाल तंवर, नयापुरा के लुंबाराम सांखला, धोलीवाड़ के भैराराम पालरिया, पावटी बास के लक्ष्मणराम सांखला, मिश्रीलाल सांखला, चम्पालाल सांखला, ऐश्वर्या सांखला, सोहनलाल टांक, शंकरलाल परिहार सहित कई समाज बंधु उपस्थित थे।

# माता का थान क्षेत्र में गैरियों ने पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति देकर खूब रंग जमाया





जोधपुर। रामनवमी के अवसर पर माता का थान क्षेत्र में भव्य मेले व गैर गायन का आयोजन गुरूवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न इलाकों से आई गैरों में शामिल रंग-बिरंगी वेश भूषा पहने गैरियों ने नृत्य के साथ पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को रोचक बना दिया। इस पर विशेष रूप से फागुंनी वेश भूषा पहने महिलाओं की गैर ने समा बांध दिया जिसे लोगों ने बहुत सराहा। इस आयोजन में मंडोर क्षेत्र से जुड़े अनेक बस्तियों के लोगों की भागीदारी रही।

गैर के मेला प्रभारी मोहनसिंह देवड़ा व लोकेश गहलोत ने बताया कि गुरूवार को शाम 4 बजे चतुरावता बेरा पूंजला से मेले के रूप में गैर गायन शुरू हुआ। इसके साथ ही विभिन्न इलाकों से गैरे माता का थान मां चामुंडा मंदिर मेला स्थल पर गाते बजाते पहुंची।

**विभिन्न इलाकों से आई गैरों में शामिल रंग-बिरंगी वेश भूषा पहने गैरियों ने नृत्य के साथ पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को रोचक बना दिया।**

गैरियों की टोली रावला बेरा, खेड़ीवाला बेरा, बलदेव नगर, बापू नगर, भादरवा बेरा, मान नगर, बेरीवाला बेरा के साथ अन्य मुख्य मार्गो से माता का थान मां चामुण्डा मंदिर पहुंची। केसरिया साफा,सफेद धोती कुर्ता पहले तिलंगी धारण किए सजे धजे गैरिये पूरे मार्ग में रंगा रंग प्रस्तुति देते गैरियों धूम मचा दी। मार्ग में देवड़ा मार्केट एशोसिएशन के व्यपारी व सामाजिक व धार्मिक संगठनों से जुड़े सदस्य गैर में शामिल लोगों को स्वागत सत्कार किया। अंत में जल पान की व्यवस्था का भी लोगों ने आनंद लिया। मंदिर के निकट माधव उद्यान में व्यापारियों ने जहां साज श्रृंगार व घरेलू आईटम की दुकानें सजा रखी थी वहीं मेला क्षेत्र में लगे झूलों पर बच्चों ने झूलकर खूब आनंद लिया।

### माता पिता की स्मृति को बनायें रखने के लिए जनोपयोगी पुण्य के कार्य करें - पीसीसी चीफ डोटासरा

# आनंद कुमार बागड़ी की नवीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा सम्मान से 41 प्रतिभाओं को किया सम्मानित







लक्ष्मणगढ़ 14 अप्रैल। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मनगढ विधायक पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि वर्तमान युग में किये जाने वाले पुण्य के कार्यो में यदि वास्तविक पुण्य के काम है तो वो है मां बाप की सेवा। और उनके जाने के बाद व्यर्थ का दिखावा व खर्चा करने की बजाय उनकी स्मृति में जनोपयोगी पुण्य का कार्य करना चाहिए जैसा कि बागड़ी परिवार की ओर से सेवा के कार्य कर प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने, जरूरतमंदों के चिकित्सा शिविर, रक्तदान शिविर, प्रतिभा सम्मान समारोह जैसे आयोजन कर माता पिता की याद को चिरस्थाई बनायें हुए हैं।

पीसीसी चीफ डोटासरा गुरुवार को यहां सैनी भवन में संतरा देवी आंनद कुमार बागड़ी मेमोरियल ट्रस्ट की ओर समाजसेवी स्व. आनंद कुमार बागड़ी की नवीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम, महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा सम्मान व 41 विभिन्न विभूतियों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। योगीश्वर महादेव सिद्धपीठ सरजुसागर कोटबांध की महंत साध्वी डॉ योगश्री के सानिध्य एवं ट्रस्ट के संरक्षक अनिल कुमार बागड़ी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए डोटासरा ने नगरपालिका को अपग्रेड करने तथा पालिका के नवीन भवन के लिए 5 करोड़ रुपए, फुले सर्किल अंबेडकर, परशुराम सर्किल निर्माण व मूर्ति के लिए विधायक कोटे से 5-5 लाख तथा महात्मा फुले छात्रावास के लिए ट्यूबवेल,पानी की टंकी व सड़क बनाने की घोषणा की। प्रारंभ में मंचस्थ अतिथियों स्व बागड़ी के चित्र के समकक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर व श्रद्धा सुमन अर्पित किये। समारोह को पंचायत समिति प्रधान मदन सेवदा, पालिका अध्यक्ष मुस्तफा कुरैशी, गो सेवा आयोग राजस्थान सरकार में सदस्य मोतीलाल सांखला, बंजर भूमि चारागाह विकास बोर्ड राजस्थान सरकार में सदस्य ताराचंद सैनी, राजस्थान विप्र कल्याण बोर्ड के सदस्य पवन बूटोलिया ने भी संबोधित किया। समारोह पालिका उपाध्यक्ष बनवारी पाण्डेय, उपखण्ड अधिकारी राजेश कुमार मीणा, सीकर उपपंजीयक भीमसेन सैनी, पुलिस निरीक्षक मनोज चौधरी, ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी रामनिवास शर्मा, सरकारी उप जिला अस्पताल के प्रभारी डॉ अटल भास्कर, सैनी समाज के अध्यक्ष रामगोपाल चुनवाल, समाजसेवी रामगोपाल राकसिया, रामप्रसाद राकसिया, सुनील सैनी, नरेश मिटावा, दीनदयाल सैनी, बनवारी इंदौरिया, हरिप्रसाद राकसिया, माटी कला बोर्ड के सदस्य सुरेश कुमावत, पवन टांक मंचस्थ अतिथि थे। प्रारंभ में महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति के अध्यक्ष रामावतार सिंगोदिया ने स्वागत भाषण दिया जबकि ट्रस्ट के मंत्री पत्रकार बाबूलाल सैनी ने ट्रस्ट की गतिविधियों, कार्यक्रम की रूपरेखा व अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया। संचालन महेंद्र चुनवाल व सज्जन बबेरवाल ने किया।

इस अवसर पर महेश बागड़ी प्रेम प्रकाश बागड़ी, राजकुमार कम्मा सैनी समाज के पूर्व अध्यक्ष बनवारी लाल पापटाण, महावीर प्रसाद गौड़, पुर्णमल राकसिया, विनोद गौड़, सैनी अधिकारी कर्मचारी संघ के तहसील अध्यक्ष झाबरमल सिंगोदया, फुले ब्रिगेड के तहसील अध्यक्ष मनोज राकसिया, देहात अध्यक्ष विनोद सांखला, शहर अध्यक्ष राकेश गौड़, युथ अध्यक्ष जितेंद्र टांक, सहायक लेखाधिकारी ताराचंद सांखला, बैंक प्रबंधक अनिल राकसिया,पार्षद प्रतिनिधि बादल सैनी, पूर्व पार्षद सत्यनारायण पापटाण, जयप्रकाश सिंगोदिया, प्रमोद भभैवा, दिलीप चुनवाल, निर्मल टांक, शिवप्रकाश राकसिया, संजय सतरावला, शुभकरण चुनवाल, फुलचंद राकसिया, छाजूराम गौड,रतन लाल भभैवा, अनिल गौड़, श्रीराम भभैवा, विकास गौड, कैलाश जाजम, मनोज धाभाईयो की ढाणी, भंवरलाल सेठों की कोठी, श्रीचंद बगड़ी,अमित सनवाली, सुरेश बगड़ी, कैलाश चंद्र खडोलिया बोदलासी,गौतम बोदलासी, भंवरलाल नेछ्वा, सुनील लालासी, नरेन्द्र बठोठ, महेश बिडोदी, बजरंग सिंगोदडा, मनीष भाटी, बलदेव चुनवाल, सुशील चुनवाल, लालचंद जाजम, महावीर जाजम, योगेश जाजम, हितेश सैनी, ष्ण कुमार टांक, परमेश्वर भैरिया, परमानंद टांक, मुकेश खडोलिया, गोविंद गौड़, भागीरथ गौड़, महेंद्र पीटीआई, सुरेन्द्र सेठों की कोठी, शंकर लाल सांखला, नेमीचंद, रामस्वरूप पीटीआई, अनिल राकसिया आदि ने मंचस्थ अतिथियों का माल्यार्पण कर साफा पहनाकर साल ओढ़ाकर व प्रतिक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया जबकि रीतु बागड़ी, आशा कम्मा ने तिलकार्चन किया।

इस अवसर पर सैनी समाज के पूर्व अध्यक्ष विनोद सिंगोदया, सत्यनारायण राकसिया, देवाराम, मनोज सुईवाल, भगवान दास तोदी महाविद्यालय के प्राचार्य डश्व एन एस नाथावत, बगडिया स्कूल के सचिव पवन गोयनका, महावीर सेवा समिति के अध्यक्ष ललित भूत, मंत्री अनिल मिश्रा, अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के तहसील अध्यक्ष संदीप बजाज, बीसूका सदस्य एडवोकेट प्यारेलाल मीणा सहित बड़ी तादाद में महिला पुरुष मौजूद थे। इस अवसर पर सीकर को संभाग बनायें जाने पर, लक्ष्मनगढ मे महात्मा फुले सर्किल बनाने, लक्ष्मनगढ में अभूतपूर्व विकास कार्य करवाए जाने एवं फुले जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने पर आयोजन समिति की ओर से नागरिक अभिनंदन किया गया जबकि ट्रस्ट की ओर से महात्मा फुले सेवा सम्मान के लिए शिक्षाविद् सत्यनारायण बबेरवाल, समाजसेवी बलबीर सिंह सारण को भामाशाह के रूप में विनोद गौड, दीपचंद कटारिया को तथा लोक अभियोजक एडवोकेट सत्यनारायण चुनवाल सहित साढ़े चार दर्जन विभूतियों को सम्मानित किया गया।



# समाज की एकता और प्रगति के लिए सभी दिग्गज समाज सेवी एक मंच पर आए



इंदौर। 2 अप्रैल को संयुक्त माली समाज महासंघ इन्दौर की आवश्यक बैठक हुकुमचंद मिल बगीची मे रखीं गई जिसमे महेंद्र हार्डिया विधायक क्षेत्र क्रमांक 5 अलका सैनी राष्ट्रीय महिला संयोजिका आल इंडिया सैनी सेवा समाज ट्रस्ट और डॉक्टर प्रेमचंद पुष्पाकर पूर्व अध्यक्ष तथा आशुतोष सैनी को सरंक्षक नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर परिचय सम्मेलन के कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर मनोज पिपलोदिया अध्यक्ष भगवती माली संयोजक सत्यनारायण चौहान के अलावा इन्दौर मे जितनी भी माली सैनी समाज की शाखाएं है और संस्थाएं तथा ग्रुप है उनसे जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारी एवम समाज सेवी उपस्थित हुए उनका भी सम्मान किया गया फूलमाली सैनी समाज छावनी के नवनियुक्त अध्यक्ष करोड़ीवाल एवम् उनकी कार्यकारणी मेवाड़ा माली समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष एम डी वर्मा के साथ ही राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड, माली धर्म रक्षक, सत्यशोधक समाज के अलावाऔर अन्य सभी वरिष्ठ समाज सेवी और संयुक्त माली समाज महासंघ की नीव रखने वाले सभी अनुभवी और संस्थापक एक साथ आए जिनमे रामचंद्र सैनी, हुकुमचंद जादम, डॉक्टर प्रेमचंद पुष्पा कर सत्यनारायण चौहान भगवती जी माली सहित तमाम समाज बन्धु शामिल थे । इस अवसर पर 18 तारीख को हुए अखिल भारतीय माली युवक युवती परिचय सम्मेलन इन्दौर के कार्यक्रम का हिसाब कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर मनोज पिपलोदिया ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट मुकेश सैनी ने किया और सभी ने एक स्वर में 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती को सुबह 9 बजे ज्योतिबा फूले चौराहा मूसा खेडी पर पहुंचकर धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया और इसके लिए सभी समाज बन्धुओं को आव्हान भी किया आभार प्रदर्शन अध्यक्ष भगवती माली ने किया।



# उदयपुर के युवा पत्रकार जयप्रकाश माली बनें चित्रकूट नगर वेलफेयर सोसायटी के उपाध्यक्ष



उदयपुर 10 अप्रेल । शहर के चित्रकूट नगर वेलफेयर सोसायटी की कार्यकारिणी के द्विवार्षिक चुनाव रविवार को सम्पन्न हुए। इसमें हिम्मत सिंह राव अध्यक्ष, जय प्रकाश माली उपाध्यक्ष, रवि धाभाई सचिव, राजेश गर्ग कोषाध्यक्ष, स्वर्ण लता शर्मा महिला उपाध्यक्ष, डॉ गायत्री स्वर्णकार महिला सचिव, बृजराज सुहालका सह सचिव निर्वाचित हुए। समस्त निर्वाचित पदाधिकारियों ने कॉलोनी विकास को लेकर अपना संकल्प जताया तथा कॉलोनी की मूलभूत जरूरतों के लिए सोसायटी द्वारा विभागों से समन्वय कर सोसायटी को विकास की ओर अग्रसर करने का वायदा किया।

चुनाव अधिकारी डॉ प्रेमसिंह रावलोत ने निर्वाचित प्रतिनिधियों की घोषणा की। इस दौरान शिव सिंह चौहान, ललित पानेरी, डॉक्टर गिरधारी लाल भार्गव, हरि सिंह राव, धर्मेंद्र सिंह, प्रहलाद सिंह झाला, डॉ परमजीत सिंह, डॉ उदय भौमिक, डॉ हिमांशु गुप्ता, लक्ष्मीनारायण पालीवाल, डॉ नवीन जैन, अरविंद सिंह पेमवत, जी के वर्मा, सुरेंद्र जैन, भवानी शंकर शर्मा, दिग्विजय सिंह, डॉ रघुनाथ शर्मा, डॉ सुनील शर्मा, बी पी सिंह, लक्ष्मण सिंह झाला, प्रिंस थश्वमस सहित कई लोग मौजूद रहे।

युवा पत्रकार जयप्रकाश माली काफी समय से समाज की अनेकों संस्थाओं से जुड़े हुए है तथा अनेकों सामाजिक आयोजनों के सफल आयोजन हेतु अपनी सेवाएं देने हेतु सदैव तत्पर रहते है। हम सभी जयप्रकाश माली को हार्दिक बधाई प्रेषित करते है।



## हार्दिक बधाई

**सुश्री दीपशिखा कुशवाहा**

(सुपुत्री कल्याण सिंह कुशवाहा सहायक खण्ड विकास अधिकारी, सैंया)

के UPPSC में 66वीं रैंक के साथ डिप्टी एस. पी. के पद पर चयन होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

भामाशाहों, जनप्रतिनिधियों के सम्मान के साथ, प्रथम संतान कन्या होने पर 11,000 की एफ डी की घोषणा समिति द्वारा

# अष्ठम् विवाह कार्यक्रम में 10 जोड़े का हुआ पाणिग्रहण संस्कार






जोधपुर। सनातन संस्कृति एवं परम्परा को पुष्पित एवं पोषित करते हुए कन्यादान महादान की परम्परा का निर्वाह करते हुए सर्व हिन्दू धर्म की 10 कन्याओं को मण्डोर क्षेत्र में श्री नारायण सेवा समिति मण्डोर द्वारा आयोजित पेसेपिक गार्डन, नयापुरा मार्केट, जोधपुर में किया गया । संस्थान के मिडिया प्रभारी राकेश सांखला ने अध्यक्ष मनोहरसिंह सांखला के माध्यम से बताया कि श्री नारायण सेवा समिति मण्डोर के अष्टम् विवाह कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 8.15 बजे गणपति पूजा व वन्दना से की गई। तत्पश्चात् वर-वधु पक्ष के नाश्ते की व्यवस्था की गई । प्रातः 9.30 बजे हनुमान मंदिर लालसागर से बारात निकासी की गई। बारात निकाली हनुमान मंदिर से विवाह स्थल पैसेपिक गार्डन नयापुरा वाया लालसागर, बृज बावड़ी, गोकुल जी की प्याऊ, बंशी विहार, पुनीत नगर, नयापुरा सैटेलाईट हॉस्पीटल पहुंची। जहाँ समिति द्वारा तोरण की रस्म पूर्ण कर बाराते पण्डाल में ली गई। तत्पश्चात् 6 वर पक्ष से और 5 वधु पक्ष के साथ एक समिति सदस्य द्वारा मिलनी की रस्म को पूरा कर मुख्य पण्डाल में स्टेज पर सभी 10 जोड़ों को बैठाया गया । कार्यक्रम की अगली कड़ी में श्रीश्री 10087 महामंडलेश्वर व गौभक्त कुशालगिरीजी महाराज, विश्व स्तरीय गौशाला, नागौर के पावन सानिध्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समिति अध्यक्ष मनोहरसिंह सांखला, सेवानिवृत्ति इसरो डायरेक्टर एवं अध्यक्ष रामकृष्ण सेवाश्रम, जोधपुर ओमप्रकाश नारायण कल्ला एवं गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम की विधिवत् शुरूआत की गई। समिति द्वारा कुशाल जी महाराज का साफा, अंगवस्त्र, दुपट्टा, माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि व भामाशाह लक्ष्मणसिंह सांखला - बबलूसा, सांवलसिंह सांखला, हरिसिंह कच्छवाह, धर्मसिंह माली संस्थान प्रतिनिधि, नरेन्द्रसिंह गहलोत, सुभाष गहलोत, तारासिंह सांखला, लीलादेवी पत्नी ओमप्रकाश गहलोत, पृथ्वीसिंह गहलोत, अक्षय टाक को साफा, स्मृतिचिन्हे, दुपट्टे द्वारा स्वागत किया गया । तत्पश्चात् समिति के इस आयोजन में सहयोग करवाने संस्थान बलवीर भाटी - अध्यक्ष रामतलाई, धनराज बागरेचा मय टीम - सच्ची मुस्कार सेवा बृज बावड़ी, विरेन्द्र जांगिड मय टीम - आर्य समाज महर्षि पाणिनी नगर, धीरेन्द्र भाटी - चौनपुरा विकास समिति, सम्पतसिंह भाटी - विश्व हिन्दू परिषद् मण्डोर प्रखण्ड, अरविन्द्र कच्छवाह - सालासर सेवा संस्थान, जुबिन सांखला - जेबीएम सी.सै. स्कूल, ओमप्रकाश सांखला, अश्विनी कुमार परिहार, सुरेश भाटी, लक्ष्मी नारायण भाटी आदि भामाशाह एवं सहयोगी संस्थान का स्वागत किया गया। समिति द्वारा जोधपुर शहर नगर निगम उत्तर - दक्षिण के पार्षदों, कई सर्व धर्म संस्थाओं के प्रतिनिधियों शैलाराम सारण, रामस्वरूप गोधा, बाबुलाल रोपिया, नथमल पालीवाल, वासुदेव बूढल, प्रमोद प्रसाद सैन, अशोक वैष्णव आदि का भी स्वागत किया ।

समिति द्वारा मिडिया कर्मी महेश व्यास, जगदीश देवड़ा, राकेश सांखला एवं अन्य पधारे हुए पत्राकार साथियों का भी स्मृतिचिन्हे, साफा, दुपट्टा सम्मान किया गया । स्वागत की कड़ी में समिति ने अपने सक्रिय कार्यकर्त्ताओं सुखसिंह कच्छवाह, रणजीत सिंह गहलोत, भंवरचंद सोलंकी, मोहनसिंह गहलोत, हेमसिंह सांखला, जवरीलाल भाटी, हरिसिंह चौधरी, अक्षयसिंह टाक, कल्याणसिंह सांखला, खींवसिंह परिहार, रमेश गहलोत, प्रेमसिंह सोलंकी, जयसिंह गहलोत, कुन्दन गहलोत, प्रेमसिंह गहलोत, ज्ञानसिंह गहलोत, अर्जुनसिंह सांखला, जगदीश परिहार, चेतन गहलोत, अनिल कच्छवाह आदि सदस्य एवं महिला मण्डल में लीलावती भाटी, कैलाशदेवी सांखला, मधु सांखला, सीमा सांखला आदि को भी सम्मानित किया गया ।

सम्पूर्ण कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग की निरीक्षक सोनम जी गोस्वामी के निरीक्षण में हुआ । कार्यक्रम में नगर निगम, फायर बिग्रेड, मण्डोर पुलिस थाना आदि का सहयोग प्राप्त हुआ ।

समिति द्वारा 5 सम्मान/अलंकरण समिति को आर्थिक सहयोग देने वाले, जिनमें माँ अन्नपूर्णा स्वर्ग अलंकार - भोजन व्यवस्था हेतु, कृष्ण - रूकमणि रजत अलंकार - वर-वधु को वस्त्र वितरण हेतु, अनुसूईया रजत अलंकार - वर-वधु को आभूषण भेंट हेतु, जनक - सुनयना रजत अलंकार - मायरा भरने वाले, भामाशाह रजत अलंकार - अन्य सभी भामाशाहों को सम्मानित किया जायेगा। पाणिग्रहण संस्कार की समस्त जिम्मेदारी आर्य समाज महर्षि पाणिनी गोकुल जी की प्याऊ की टीम द्वारा सम्पन्न करवाई जायेगी। पाणिग्रहण संस्कार कैलाशचन्द्र आर्य, शिवसिंह आर्य मय टीम द्वारा सम्पन्न किया गया ।

पाणिग्रहण संस्कार में सात वचन के साथ सात संकल्प 1. बेटी पढ़ाओ- बेटी बचाओ 2. पर्यावरण संरक्षण हेतु तुलसी ६ गिलोय या अन्य पौधा वितरण 3. नशा मुक्ति - धुम्रपान-गुटका निषेद्य 4. पश्चलीथीन बहिष्कार 5. संस्कार संवर्द्धन - गीता पुस्तक 6. झूठन से तौबा - अन्न को झूठा न छोड़े 7. स्वच्छ भारत के संकल्प दिलाई गई। भोजन व्यवस्था में संस्था के संकल्प भोजन झूठा न छोड़े की की शर्त पर अन्न का सम्मान करवाने वाले 1200 व्यक्तियों को परितोष के रूप में छोटा गिफ्ट दिया गया ।

पाणिग्रहण संस्कार पश्चात् समिति द्वारा सभी 10 वर-वधुओं के जोड़ों को समिति द्वारा आवश्यक सामग्री पलंग मय गद्दे, अलमारी, बक्सा, वस्त्र, आभूषण, घड़िया, पंखे, कूलर, गैस चूल्हे, बर्तन एवं अन्य भामाशाहों द्वारा दिया गया समान मय सूची उपलब्ध करवाकर विदाई दी गई। समिति अध्यक्ष द्वारा सभी संतों, गणमान्य व्यक्तियों, विवाह में पधारे अतिथियों को आभार व्यक्ति किया और घोषणा की यदि इन 10 जोड़ों की पहली संतान कन्या होती है, तो उन्हें समिति द्वारा 11,000/- रूपये की एफ. डी. समिति द्वारा करवाकर दी जायेगी ।

# माली सैनी संदेश के आजीवन सदस्यता सूची

श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासूदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री मांगीलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झुमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरंवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिवंरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,
श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर
श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री पारसराम पुत्र श्री जयसिंह सोलंकी, जोधपुर
श्री रूपचंद पुत्र श्री भंवरलाल मरोठिया, पुष्कर
श्री धनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत,सालावास, जोधपुर
श्री कृपाराम पुत्र श्री आईदान सिंह परिहार, चौखा,जोधपुर
सरपंच श्री रामकिशोर पुत्र श्री हप्पाराम टाक, बालरवां
श्रीमती अंजू(पं.समिति सदस्य), सुपुत्री श्री ढूलारामगहलोत, चौपासनी चारणान
श्री केवलराम पुत्र श्री शिवराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री रामेश्वर पुत्र श्री सवाई राम परिहार, मथानियां
सरपंच श्रीमती मिनाक्षी पत्नी श्री चद्रसिंह देवड़ा, मथानियां
सरपंच श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री खेताराम परिहार, तिंवरी
श्री अचलसिंह पुत्र श्री रूपाराम गहलोत, तिंवरी
श्रीमती रेखा(उप प्रधान) पत्नी श्री संजय परिहार, मथानियां
श्री चैनाराम पुत्र श्री माणकराम देवड़ा, मथानियां
श्री अरविंद पुत्र श्री भंवरलाल सांखला, मथानियां
श्री उम्मेद सिंह टाक पुत्र स्व. सेठ श्री कनीराम टाक, जोधपुर
श्री गिरधारीराम पुत्र श्री राजुराम कच्छवाहा, खींवसर
श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह गहलोत
श्री मदनलाल (ग्राम सेवक) पुत्र श्री सोमाराम गहलोत, मथानियां
श्री लिखमाराम सांखला पुत्र श्री छोटुराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
सरपंच श्रीमती संजू पत्नी श्री हुकमाराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
श्री श्यामलाल पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, मथानियां त. तिंवरी
श्री खेताराम सोलंकी, लक्ष्मी स्टोन कटिंग, पीपाड़ शहर
श्री गोबरराम पुत्र श्री हरीराम कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री शंभु पुत्र श्री मूलचंद गहलोत, अजमेर
श्री रामनिवास पुत्र श्री पुनाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धर्माराम सोलंकी, सोलंकी खाद बीज, फलोदी

# हार्दिक बधाई

## डॉक्टर संजय सैनी, रेडियोलॉजिस्ट, हार्वर्ड विश्वविद्यालय, अमेरिका



संजय सैनी हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में रेडियोलॉजिस्ट हैं। वह 2003 में न्यूयॉर्क टाइम्स में अमेरिका में स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के लिए अपतटीय रेडियोलॉजिस्ट के साथ सहयोग के संबंध में सुर्खियों में थे। सैनी ने टफ्ट्स मेडिकल स्कूल, बोस्टन, मैसाचुसेट्स से एमडी किया । 2010 तक वह हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में रेडियोलॉजी के प्रोफेसर हैं और मैसाचुसेट्स जनरल अस्पताल, बोस्टन, एमए, यूएसए में रेडियोलॉजी विभाग के वित्त विभाग के उपाध्यक्ष हैं।



समाज गौरव

**श्रीमती कविता कच्छवाहा- विक्रम सैनी**

(**IRS**, रेल्वे) के **ACJM** पद पर प्रमोशन होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

हमे पूर्ण विश्वास है आप अपने कृत्यवनिष्ठा, न्याय प्रियता के उच्च मापदंड स्थापित करते हुए उच्च न्यायालय में न्यायाधीश बन देश को गौरवान्वित करेगी।



उद्योगपति, भामाशाह, हंसमुख मिलनसार स्वभाव के धनी

**महेश गहलोत**

को मंडोर इंडस्ट्रीज ऐसोसिएशन, जोधपुर का उपाध्यक्ष बनाये जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



समाज की होनहार बेटी **दिशा माली** सुपुत्री गोपाल शंकर माली (झुपड़ी वाले) को जयपुर मे अंतर्राष्ट्रीय समरसता सम्मान मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएँ। आपको बताते हुए हर्ष हो रहा है कि दिशा माली 25 भाषाओं में गा सकती है। जापानी, अफ्रीकी, तंजानियन, स्वाहिली, सिंघली, अंग्रेजी, फ्रेंच, कन्नड़, तेलुगु, तमिल जैसी भाषाओं में भी बखूबी गाती है। हम सभी दिशा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है



कला प्रेमी, चित्रकार अनेकों राज्य एवम राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित वाले समाज गौरव

**डॉ. मूलाराम गहलोत**

को राजस्थान सरकार द्वारा ललित कला अकादमी का उपाध्यक्ष बनाएं जाने पर आदरणीय अशोक जी गहलोत का हार्दिक आभार अभिनंदन।

मृदुभाषी, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी डॉ मूलाराम गहलोत समाज की शिक्षण संस्थान में भी अपनी सेवाओं से लाभान्वित कर चुके है हम सभी आपको हार्दिक बधाई एवम शुभकामनाए प्रेषित करते हैं।




**समाज गौरव**

**दिलीप गहलोत**

**को पंजाब नेशनल बैंक में DGM बनने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।**

श्री धनराज पुत्र श्री राणाराम सोलंकी, पीपाड़ शहर
श्री संपतराज पुत्र श्री बाबुलाल सैनी, पीपाड़ शहर
सी. ए. श्री महेश पुत्र श्री आनंदीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमान सिंह गहलोत, हनुमान टेंट हाऊस, जोधपुर
श्री मयंक पुत्र श्री दीनदयाल देवड़ा, जोधपुर
श्री नित्यानंद पुत्र श्री धनसिंह सांखला, जोधपुर
श्री महेश पुत्र श्री अमरसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री कैलाश पुत्र श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर,
श्री भारतसिंह पुत्र श्री लिखमाराम कच्छवाहा, जोधपुर
श्री संदीप पुत्र श्री नृसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री धमेन्द्र पुत्र श्री संतोष सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री निर्मल सिंह (एस.ई.)पुत्र श्री भजनसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह कच्छवाहा( चैयरमेन, पीपाड़) पुत्र श्री पुखराज कच्छवाहा, पीपाड़
श्री अमृतलाल टाक पुत्र श्री चेनाराम टाक, बुंचकला, पीपाड़
श्री चांदरतन पुत्र श्री माणकचंद सांखला, बीकानेर
श्री कमलेश पुत्र श्री मुल्तान सिंह कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री सहीराम पुत्र श्री हिन्दुराम गहलोत, पीपाड़ शहर
श्री मनमोहन पुत्र श्री मनोहर सिंह सांखला, जोधपुर
श्रीमती कमला धर्मपत्नी श्री रमेशचंद्र माली, जोधपुर
श्री दशरथ पुत्र श्री विशन सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री राजकुमार पुत्र श्री रतनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री मेवाराम पुत्र स्व. श्री नारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री हरीराम सोलंकी, जोधपुर
डॉ. हिरालाल पुत्र श्री मादुराम पंवार, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री किशनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री धरमाराम भाटी, अध्यक्ष क्षत्रिय माली समाज माधपुर (तमिलनाडु)
श्री राहुल भाटी सुपुत्र श्री जितेन्द्रसिंह भाटी, जोधपुर
श्री किसनाराम देवड़ा, श्री जी एन्टरप्राइजेज, जोधपुर
श्री(इंजि.)तेजप्रताप पुत्र श्री मंगलसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अभय सिंह पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री आनंदसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री नेपाराम देवड़ा, बालरंवा, तिंवरी
श्री अमृत सांखला, फ्यूचर प्लस क्लासेज, जोधपुर
श्री चेतन देवड़ा पुत्र स्व. श्री मानसिंह देवड़ा, जोधपुर
श्री अरविंद गहलोत (पार्षद) पुत्र श्री मांगलाल गहलोत, जोधपुर
सीए श्री अर्जुन पुत्र श्री कांतिलाल परिहार, बाली, पाली
श्री पप्पुराम पुत्र श्री रामचंद्र गहलोत, चौखा, जोधपुर
डॉ. श्री महेन्द्र भाटी 'त्रिकाल', रायपुर, पाली
श्री रोहित पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री रामेश्वर सिंह पुत्र स्व. लाल सिंह सांखला, जोधपुर
श्री जगन्नाथ सिंह पुत्र श्री मेघसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हुक्माराम भाटी पुत्र श्री सुखदेवराम भाटी, जोधपुर
श्री श्याम लाल पुत्र श्री बुद्धाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री रामकिशन माली, करौली
श्री चेतन सिंह पुत्र श्री संतोकसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री लुंबाराम देवड़ा, जगदम्बा पब्लिक स्कूल, जोधपुर
श्री विकास कच्छवाहा पुत्र श्री नरेन्द्रसिंह, जोधपुर
श्री कानाराम सांखला, कानजी स्वीट्स, जोधपुर
श्री कुशाल राम सांखला, रामजी स्वीट्स, जोधपुर
श्री मुकेश टाक पुत्र श्री हरीसिंह टाक, जोधपुर
श्री अरविंद पुत्र श्री आनंदप्रकाश गहलोत, जोधपुर
श्री आनंदसिंह पुत्र श्री जगदीश सिंह सांखला, जोधपुर
श्री जयंत सांखला,आर.एस.एम.विद्याश्रम, जोधपुर
श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री मोहनलाल कच्छावा, अजमेर
श्री ताराचंद पुत्र श्री मोतीलाल सांखला, मथानियां
डॉ. कमल सैनी, सोलन, हिमाचल प्रदेश
श्री ओमप्रकाश सैनी पुत्र श्री गणपत जी लाडंनू
डॉ प्रवीण पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री राकेश पुत्र श्री छतरसिंह गहलोत, जोधपुर
डॉ. भीमपाल पुत्र श्री बुधाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धमेन्द्र कच्छवाहा,भीलवाड़ा
श्री गोविंद पुत्र श्री भगवानसिंह परिहार, जोधपुर
श्री शरद टाक, जोधपुर
श्री मुकेशराज पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, जोधपुर
श्री रविन्द्र सिंह परिहार, नागौर मोटर्स, नागौर
श्री अर्जुन सिंह पुत्र श्री कल्याण सिंह कच्छवाह, पीपाड़
श्री कुशाल कच्छवाह, के. के. फिलिंग स्टेशन, जोधपुर
श्री राहूल (राजा) पुत्र श्री जगदीश सांखला, जोधपुर
श्री अरविंद पुत्र स्व. श्री पुरूषोत्तम गहलोत, जोधपुर
श्री महेन्द्र सिंह पुत्र श्री नारायण राम सोलंकी, बिलाड़ा
श्री इंद्र सिंह टाक (अध्यक्ष, ठेकेदार संघ,जोधपुर PWD)

# माली सैनी सन्देश










## ही क्यों ?

**क्योंकि ?**

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार

**क्योंकि ?**

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे
देश ही नहीं विदेशों में भी

### घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

## सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामिण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियों आपको विगत 15 वर्षो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गों में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जा रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब–साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई–पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है।

हमारी वेबसाईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। आप हमें पे–टी.एम. से मोबाईल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज पत्रिका प्राप्त कर सकते है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

### सदस्यता राशि

**दो वर्ष रु. 600/-** | **5 वर्ष रु. 1,500/-** | **आजीवन रु. 3,100/-**

नाम/संस्था का नाम ____________________

पता ____________________

फोन/मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ________ पोस्ट ________ तहसील ________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि (रुपये) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ (डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें)

**अत: मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।**

दिनांक ____________ हस्ताक्षर

होटल सिटी पैलेस के पीछे, नई सड़क, जोधपुर - 01 मो. 77379 54550 ( रजि. कार्यालय )

Mobile : 94144 75464 Visit us at : www.malisainisandesh.com
www.malisaini.org. E-mail :malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

## RATES

### Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 10,000/- |
| Inside Cover | 5,000/- |
| **INNER COLOR** | |
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

Cell : 94144 75464

log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

रजि. कार्यालय : होटल सिटी पैलेस के पीछे, नई सड़क, जोधपुर - 01
मो. 77379 54550 ( कार्यालय )

### पग पग पर गूंजे फुले के जयकारे, संजीव झांकियों ने मोहा मन

# ज्योति बा फुले जयंती से पूर्व आयोजित शोभायात्रा में उमड़ा समाज

गंगापुरसिटी। सैनी (माली) समाज के आराध्य ज्योतिबा फुले की 196वीं जयंती के उपलक्ष्य में यहां रविवार 9 अप्रैल को शोभायात्रा में जन सैलाब उमड़ा। महापुरुषों व दैवीय स्वरूपों की दर्जनों सजीव झांकियों ने शहरवासियों को मंत्र मुग्ध कर दिया। पूर्वी राजस्थान के सैनी माली समाज की ओर से पहली बार गंगापुरसिटी में हुए आयोजन में अपार जन समूह आया। शोभायात्रा की भव्यता और समाज के उत्साह ने शहरवासियों को हतप्रभ कर दिया। करीब एक किलोमीटर दायरे में एक क्रम में झांकियों और समाज के हजारों की संख्या में युवाओं, बुजुर्गों व महिलाओं की श्रृंखला ने शहर में उत्सव का माहौल बना दिया। इस दौरान स्थानीय पुलिस की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे।








शोभायात्रा को आकर्षक बैंड, ढोल व झांकियों के साथ संयोजक व सैनी माली समाज के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सीएल सैनी ने उदेई मोड़ स्थित फल सब्जी मंडी से ज्योतिबा फूले की सजीव झांकी की पूजन करके रवाना किया। अग्रिम पंक्ति में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष के अलावा राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत, मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रभुलाल सैनी, नामदेव फिनवेस्ट प्रालि के प्रबंध निदेशक जितेन्द्र तंवर, युवा मोर्चा नेता भूपेन्द्र सैनी, सैनी समाज के प्रदेशाध्यक्ष छुट्टन लाल सैनी, पूर्व आईएएस एसएन सिंह,पप्पू भाई प्रधान, आम चौरासी के अध्यक्ष गिर्राज कोतवाल, रामसहाय सैनी, पप्पू मुंशी, उन्नति ग्रुप की संरक्षक कांता देवी सैनी सहित करौली, टोंक दौसा, अलवर, भरतपुर, जयपुर से आए पदाधिकारी मौजूद थे। शोभायात्रा के मार्ग उदेई मोड से लेकर सभा स्थल दर्जन से अधिक स्थानों सर्व समाज के लोग, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों के लोगों ने प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सैनी सहित सभी पदाधिकारियों को माला, साफा पहनाकर स्वागत किया। विधायक रामकेश मीणा, पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल, पूर्व सभापति हरिप्रसाद बोहरा, संगीता बोहरा, पूर्व नगर पालिका चेयरमैन गीता देवी नरूका, भाजपा नेता संजय गोयल, पूर्व उपसभापति दीपक सिंघल, दीपक नरूका, भाजपा नेता धनसिंह गुर्जर, करणी सेना जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह जैसावत सहित शोभायात्रा के मार्ग पर अग्रवाल समाज, ब्राह्मण समाज, विहिप, बजरंग दल, जाटव समाज, कोली समाज, कुशवाह, मुस्लिम समाज, मर्थ्नग वश्वक समिति, गो रक्षक दल व सैनी समाज के प्रतिष्ठानों पर लोगों ने शोभायात्रा शामिल हजारों लोगों को ज्यू पिलाकर, पुष्प वर्षा कर स्वागत किय गया। शोभायात्रा उदेई मोड फव्वारा, मिनी सचिवालय, मुख बाजार से होते हुए उघाड़मल बालाज में बनाए सभा स्थल पर संपन्न हो गई।

**झांकियों ने मोहा मन, छतों से हुए पुष्पवर्षा:**

शोभायात्रा में सैनी समा की ओर से आकर्षक झांकियां बना गई। लोगों झांकियों पर डोन कैमरे के अलावा छतों से पुष्प वर्षा कर स्वाग किया। झांकियों में अश्व पर सवा सीमा रक्षक भारतीय सेना के जवान समाज की ध्वज पताका, अंग्रेजों लोहा लेती लक्ष्मी बाई, मनीषा किरन प्रदर्शित सीता राम की अद्भुतझांकी, नेताजी सुभाष चंद बोस नामदेव की ब्रांड एंबेसडर बनीं सुमन राजपूत, भारत माता के रूप में प्रिय सैनी, योगीराज श्रीकृष्ण व राध उन्नति ग्रुप की ओर से शिक्षा संदेश झांकी, डीजे की धुन पर थिरकते कदमों से सैनी समाज के युवाओं की टोली, सावित्रीबाई फुले के जयका लगातीं मातृ शक्ति की झांकियों ने लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। पूरी शोभायात्रा में गूंजे ज्योतिबा फुले अमर रहे के जयकारे शोभायात्रा को लेकर गंगापुर सिटी में समाज के प्रतिष्ठान बंद रहे। शोभायात्रा में शामिल युवा समाज के प्रतीक ध्वज लेकर चल रहे थे। युवा बुर्जग ज्योतिबा फुले व सावित्री बाई गगनभेदी जयकारे लगाते चले महिलाएं भी इसमें पीछे नहीं रहीं। इस भव्य आयोजन की पूरे जिले के साथ आसपास के जिलों में भी बड़ी चर्चा रही। समाज के इस संगठित शक्ति प्रदर्शन से समाज के सभी वर्गों में जोश भर गया।

प्रेषण तिथि : 29/30 अप्रैल, 2023
समाचार पत्रिका पंजीयन सं. :RAJHIN/2013/60831
मुद्रण तिथि : 29 अप्रैल, 2023
Postal Regd No. Jodhpur/496/2021-23
प्रेषण स्थान : RMS जोधपुर

**मातुश्री पुरीबाई पत्नी पुनमाजी माली की स्मृति में शंकर भाई पी माली एवं परिवार कराएंगे 37 बीघा भूमि पर कॉलेज भवन का निर्माण**

# 5 करोड़ की लागत से बनेगा टोरसो कॉलेज भवन, एमओयू हुआ साइन



सिरोही। सरकार की ओर से सिरोही जिले के कैलाश नगर में स्वीकृत किए गए सरकारी कॉलेज भवन का निर्माण को 5 करोड़ की लागत से भामाशाह परिवार की ओर से किया जाएगा। स्थानीय विधायक के आग्रह पर भामाशाह शंकर भाई पी माली, समरथ भाई पी माली, चुन्नीलाल पी माली, भगाराम पी माली व प्रकाश पी माली और परिवार ने अपने मातुश्री पुरीबाई पत्नी पूनमाजी माली की स्मृति में 5 करोड़ की लागत से कैलाश नगर में टोरसो कॉलेज भवन का निर्माण करने का निर्णय लिया है। जिस पर मंगलवार को आयुक्त कॉलेज शिक्षा जयपुर के साथ भवन बनाने का एमओयू साइन किया गया।

यह भवन मातुश्री पुरीबाई पूनमाजी माली ट्रस्ट झाड़ोली वीर मुम्बई की ओर से बनाया जाएगा। एमओयू के दौरान ट्रस्ट के चेयरमैन शंकर पी माली, समरथ माली व बाबा रामदेव ग्रुप के चेयरमैन रघु भाई माली और पावापुरी ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी महावीर जैन के अलावा आयुक्तालय के जॉइण्ट डायरेक्टर विमलेश सोनी व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### 37 बीघा भूमि में बनेगा कॉलेज

कॉलेज के लिए कलेक्टर डॉ. भंवरलाल ने 37 भूमि आंबटित की है। भामाशाह परिवार की ओर से यह भवन अपनी पवनी बाई पुनमाजी की स्मृति में बनाया जाएगा। साइन करते वक्त आयुक्त आईएएस सुनील शर्मा ने ट्रस्ट के चेयरमैन शंकर भाई पी माली स्वागत करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ट्रस्ट ने एक अनुकरणीय कार्य किया है।

### क्षेत्र के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा

ट्रस्ट के चेयर मैन शंकरलाल माली ने कहा कि हमारे पिछड़े क्षेत्र में कभी नहीं सोचा था कि कॉलेज खुलेगा लेकिन क्षेत्रीय विधासक के शिक्षा को बढ़ावा देने की इच्छाशक्ति के कारण कॉलेज खुला और यह कॉलेज भवन बनाने का लाभ हमारे परिवार को मिला। जिसके लिए हम उनसे उनके हृदय से आभारी है। क्षेत्र की एक दर्जन से अधिक सरकारी हायर सैकण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों को कॉलेज शिक्षा का लाभ मिलेगा।

### दो साल में बनकर तैयार होगा कॉलेज भवन

उधर एमओयू साइन होने पर विधायक संयम लोढ़ा ने शंकरलाल पी माली को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने यह भवन बनाने का जो जनहितकारी कार्य निर्णय लिया हे वो एक मिल का पत्थर साबित होगा और इस पिछड़े क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा का लाभ स्थाई रूप से मिलेगा। यह भवन दो वर्ष में बनकर तैयार हो जाएगा। एमओयू साइन होने व कॉलेज भवन के निर्माण से क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई।

**ज्ञात रहे टोरसो ग्रुप मुंबई में अपनी क्वालिटी शर्ट मैन्यूफैकरिंग के लिए प्रसिद्ध है भारत के सभी शहरों में इनके शर्टस उपलब्ध है इनके सभी ब्रांडों का नाम सिरोही में इनके जन्म स्थान के गांव व पास के गांवों पर रखे गये है। तथा ग्रुप के शंकरभाई एवं उनके परिवार के द्वारा एक नहीं अनेकों बार सामाजिक आयोजनों में आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाता है। सभी भाईयों की जोड़ी हमेशा सामाजिक आयोजनों में अपनी सेवाभावी प्रवृति एवं सहायता हेतु पहचानी जाती है। माली सैनी संदेश परिवार टोरसो ग्रुप के इस ऐतिहासिक निर्णय का हृदस से आभार प्रकट करता है आपने अपनी माता पिता की स्मृति का चिर स्थायी बनाने के साथ ही महात्मा ज्योति बा फुले के शिक्षा के लिए किए गए योगदान में अपनी और से यह कॉलेज निर्माण की अनूठी पहल कर उन्हे सच्ची श्रद्धाजंलि अर्पित की है। हमें टोरसो ग्रुप पर गर्व है।**

## हार्दिक बधाई



समाज रत्न, भामाशाह

**श्री शंकरभाई माली**

(टोरसो ग्रुप, मुंबई) झाड़ोली वीर (सिरोही) के
राजस्थान माली समाज शिक्षण प्रचार संस्था मुंबई के
निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकानाएं।

स्वत्वाधिकारी संपादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस
सेक्टर-7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर (राजस्थान) से प्रकाशित
फोन : 9414475464
ई-मेल - malisainisandesh@gmail.com
पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR